प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक
# मोर्निंग सिटी
सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 06, 19 अप्रैल से 25 अप्रैल, 2026 | मूल्य- 10 रुपये | पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in


यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म
मोर्निंग सिटी



### पीएम बोले-महिला आरक्षण बिल पास नहीं हुआ, माफी मांगता हूं

# विपक्ष ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार रात 8.30 से 9 बजे, 30 मिनट तक देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, महिला आरक्षण बिल में संशोधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं। पीएम ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा, मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है। जब कुछ लोगों के लिए दलहित देशहित से बड़ा हो जाता है तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

पीएम ने आगे कहा- कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी। लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। बिल में लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 816 करने और महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव था। बिल के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े, जबकि इसे पास करने के लिए 352 वोटों की जरूरत थी। महिलाओं के सपने को कुचलाः आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया।

**विपक्ष ने खुशी से मेजें थपथपाई :** कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे। नारी अपमान कभी नहीं भूलतीः कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर चोट थी। नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी।

#### परिवारवादी पार्टियां डर गईं

परिवारवादी पार्टियों के भीतर महिलाओं के लिए असुरक्षा की भावना है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों के लिए पाप के लिए माफ नहीं करेगी।

#### विपक्ष हमेशा से कुतर्क गढ़ता है

कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी हर बार वही बहाने, वही कुतर्क गढ़ते आए हैं। कोई न कोई तकनीकी पेच फंसाकर ये महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते रहे हैं। देश राजनीति का यह भद्दा पैटर्न बराबर समझ चुका है।

#### हमारे साथ आजाद हुए देश हमसे आगे निकल गए

हमारे साथ कई देश आजाद हुए। कई देश हमसे आगे निकल गए लेकिन कांग्रेस कई रिफॉर्म को रोककर बैठे रही। कांग्रेस ने पड़ोसी देशों के साथ पानी बंटवारे, सीमा विवाद को लटकाए रखा। कांग्रेस का हर छल-प्रपंच का खामियाजा देश ने भुगता है।

#### कांग्रेस परिसीमन के बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहती है

परिसीमन पर झूठ फैलाया कि कुछ राज्यों को नुकसान होगा। हमने स्पष्ट किया कि किसी राज्य का रिप्रेंजेंटशन कम नहीं होगा। फिर भी कांग्रेस, डीएमके, टीमएसी जैसे दल मानने को तैयार नहीं हुए। कांग्रेस और उसके साथी दल परिसीमन के बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं। हम हारे नहीं हैं, बस वक्त का इंतजार : हम महिला आरक्षण के रास्ते आने वाली हर रुकावट को हटाकर रहेंगे। हमारी हिम्मत अटूट है। बस वक्त का इंतजार है। कल हमारे पास संख्याबल नहीं था। इसका मतलब यह नहीं कि हम हार गए। हमारा प्रयास रुकेगा नहीं। हमारे पास आगे और मौके आएंगे।

#### कल परिसीमन बिल की भाजपाई साजिश का खुलासा होगाः अखिलेश

पीएम के संबोधन के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पर कहा कि अब कल पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। इसमें महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन बिल की भाजपाई साजिश का खुलासा होगा।

## दिल्ली में गिरफ्तार आतंकियों के मंसूबे: राम मंदिर और संसद थे निशाना, हो चुकी थी रेकी

ग्रेटर नोएडा




दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से जिन चार कट्टरपंथी युवकों को गिरफ्तार किया है वह आतंकी गतिविधियों की साजिश रच रहे थे। कुछ संवेदनशील जगहों को निशाना बनाने के लिए उनकी रेकी की थी और एन्क्रिप्टेड ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए अन्य लोगों को भर्ती करने की कोशिश कर रहे थे।

स्पेशल सेल के एक अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और उससे जुड़ा सामान जब्त किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दो आरोपी भीड़भाड़ वाली जगहों को निशाना बनाने के लिए आईईडी युक्त रिमोट संचालित टॉय कार को तैयार कर रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि ये कथित तौर पर काले झंडे लेकर चलने वाले 'खुरासान के लश्कर' की अवधारणा से भी प्रेरित थे, जिसका इस्तेमाल उन्होंने दूसरों को कट्टरपंथी बनाने के अपने दुष्प्रचार के हिस्से के तौर पर किया। उन्होंने कहा कि आरोपी बंद और एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया समूहों पर सक्रिय थे, जहां जिहाद, कट्टरपंथी सोच और हथियारों से जुड़ी सामग्री साझा की जाती थी। इन मंचों का इस्तेमाल कथित तौर पर नए सदस्यों की पहचान करने और भर्ती करने के लिए किया जाता था। आरोपियों में से एक दिसंबर 2025 में दिल्ली आया था और उसने लाल किला और इंडिया गेट समेत खास जगहों की रेकी की थी। जांचकताओं ने कहा कि इस मॉड्यूल ने अयोध्या में राम मंदिर, संसद भवन और कुछ सैन्य प्रतिष्ठानों जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर संभावित हमलों पर भी चर्चा की थी। चारों आरोपी मोसैब अहमद, मोहम्मद हम्माद, मोहम्मद सोहेल और शेख इमरान निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से हैं।

## राहुल के घर तक महिला सांसदों का मार्च, पुतला जलाया

नई दिल्ली

लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पारित न होने को लेकर एनडीए नेता देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली की उट रेखा गुप्ता ने महिला सांसदों के साथ राहुल गांधी के घर की ओर मार्च किया। कार्यकाताओं ने राहुल का पुतला जलाया। पुलिस ने भीड़ हटाने के लिए वाटर कैनन चलाई।



केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और कमलजीत सहरावत को हिरासत में लिया गया। बाद में छोड़ दिया गया। उधर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने शनिवार को कहा, ह्यकल लोकसभा में जो हुआ वो लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत है। सरकार परिसीमन और महिला आरक्षण के जरिए सत्ता में बने रहने की साजिश कर रही थी।

## 'एआई विकल्प नहीं सहयोगी है, इससे डरे नहीं' : मुख्य न्यायाधीश

बंगलूरु

भारतीय न्यायपालिका में तकनीक का प्रवेश एक बड़े बदलाव का संकेत है, लेकिन यह बदलाव मानवीय संवेदनाओं और संवैधानिक नैतिकता की कीमत पर नहीं होना चाहिए। शनिवार को बंगलूरू में आयोजित न्यायिक अधिकारियों के 22वें द्विवार्षिक राज्य-स्तरीय सम्मेलन में देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और न्याय प्रणाली के अंतसंर्बंधों पर बड़ी बेबाकी से अपनी राय रखी।

'एआई के युग में न्यायपालिका की पुनर्कल्पना' विषय पर बोलते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को एआई से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, 'जब आपके सामने जटिल कानूनी सवाल आते हैं, तो आप अधिक धैर्य और गहराई से विचार करते हैं। एआई के साथ भी हमें यही रुख अपनाना होगा। इसे सावधानी और सचेत होकर इस्तेमाल करें, जिससे आपके भीतर बैठा 'जज' किसी तकनीकी उपकरण से प्रभावित न हो।' मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि एआई केवल एक सहायक हो सकता है, विकल्प नहीं। न्याय की प्रक्रिया केवल डाटा का विश्लेषण नहीं है, बल्कि यह एक चिंतनशील और नैतिक कार्य है जो संवैधानिक मूल्यों से निर्देशित होता है। मुख्य न्यायाधीश ने एआई के बढ़ते खतरों, विशेषकर हैलुसिनेशन यानी भ्रम पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि एआई का दुरुपयोग भ्रामक याचिकाओं और सतही तौर पर आकर्षक लेकिन कानूनी रूप से खोखले दावों को पेश करने के लिए किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश का कहना है कि इससे पहले से ही बोझ तले दबी न्याय व्यवस्था पर दबाव और बढ़ेगा। इतना ही नहीं, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने देश के विकास मॉडल को लेकर एक बड़ा विजन साझा किया। उन्होंने कहा कि केवल वही विकास तर्कसंगत है जो पर्यावरण के प्रति जवाबदेह हो। सीजेआई ने कहा कि भारत की 2047 की विकास यात्रा 'ऊर्जा न्याय' के सिद्धांतों पर टिकी होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने इस धारणा को सिरे से खारिज कर दिया कि हमें विकास और पर्यावरण में से किसी एक को चुनना होगा। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में हम अभी विकास के सफर पर हैं, इसलिए हम पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक प्रगति को एक-दूसरे का विरोधी नहीं मान सकते।

## साउथ अफ्रीका से लौटा संदिग्ध आतंकी, दिल्ली एयरपोर्ट से पुलिस ने दबोचा

**लखनऊ।** दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार को साउथ अफ्रीका से लौटते ही संदिग्ध आतंकी मैजुअल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी था। मॉड्यूल से जुड़े दो संदिग्ध आतंकी अभी भी विदेश में हैं। वह दोनों सऊदी अरब में हैं। उनकी भी गिरफ्तारी के लिए प्रक्रिया जारी है। एटीएस ने दो अप्रैल को राजधानी लखनऊ से संदिग्ध आतंकियों के मॉड्यूल का खुलासा किया था। मेरठ निवासी साकिब, अरबाब और गौतमबुद्धनगर के लोकेश व विकास को गिरफ्तार किया था। एटीएस की तफ्तीश में खुलासा हुआ था कि पिछले साल नवंबर में इंस्टाग्राम लाइव का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें एके-47 और हैंड ग्रेनेड का प्रदर्शन किया गया था। वीडियो में साकिब के अलावा दुबई में बैठे आकिब, आजाद, बिजनौर निवासी मैजुअल व अन्य लोग भी थे। इस केस में बिजनौर पुलिस फाइनल रिपोर्ट लगा चुकी थी। जब एटीएस ने खुलासा किया तो वह पुराना केस फिर से खोला गया। इसके बाद उवैद मलिक, जलाल हैदर और समीर को जेल भेजा गया था। मैजुल साउथ अफ्रीका में था। मैजुल, साकिब व आजाद के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किए गए थे। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर मैजुल के पहुंचते ही उसकी गिरफ्तारी की गई। बिजनौर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पूछताछ में उसने आकिब के संपर्क में होने की बात स्वीकारी है। अब केस से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द सभी गिरफ्त में होंगे।

## केदारनाथ: पैदल यात्रा मार्ग पर बर्फ हटाने का काम 80% पूरा, सुरक्षा बलों की तैनाती में काम पर लगे हैं श्रमिक

रुद्रप्रयाग



केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पूर्व गौरीकुंड से केदारनाथ के बीच निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। बर्फ हटाने के कार्य व पुनर्निर्माण, मरम्मत के कार्य ने गति पकड़ी है। आगामी 22 अप्रैल को आम श्रद्धालु और तीर्थ यात्रियों के लिए बाबा केदारनाथ के कपाट खुल रहे हैं। ऐसे में डीडीएमए गुप्तकाशी के कर्मचारी व श्रमिक तेज गति से निर्माण कार्यों को अंतिम स्वरूप दे रहे हैं।

लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजबिंद सिंह ने बताया की बर्फ हटाने का कार्य 80 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। गौरीकुंड से केदारनाथ के बीच मार्ग आवाजाही के लिए मार्ग खुल चुका है। उन्होंने बताया कि थारू, लिनचोली, हथनी, भैरव और कुबेर ग्लेशियर में बर्फ 5 से 6 फीट तक हटाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि धूप खिलते ही ऊपर से ग्लेशियर टूट के पैदल मार्ग पर आने की संभावनाएं बनी है।

ऐसे में हर पल सुरक्षा बलों की तैनाती में इन स्थानों पर श्रमिक बर्फ हटाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा की रेलिंग मरम्मत, डेंट पेंट, रैन शेल्टर समेत अन्य कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि इस बार बेमौसमी बर्फबारी के चलते विभाग को खासी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन पूरी टीम पूरे मनोयोग से कार्य कर रही है।

## केंद्र सरकार ने दो फीसदी बढ़ाया महंगाई भत्ता, 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनरों को मिलेगा फायदा

नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने देश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद अब डीए 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है। निर्णय के अनुसार, यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद इसकी जानकारी दी। इस फैसले का सीधा लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिलेगा। सरकार की इस घोषणा से लगभग 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों के साथ-साथ 69 लाख पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को फायदा होगा। इससे उनकी मासिक आय में बढ़ोतरी होगी और महंगाई के बीच उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। डीए बढ़ने से कर्मचारियों की मासिक सैलरी और पेंशन में सीधा इजाफा होगा। यह बढ़ोतरी 7वें वेतन आयोग के तहत आने वाले सभी कर्मचारियों और पेंशनरों पर लागू होगी। महंगाई भत्ता (डीए ) का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों और पेंशनरों की आय को महंगाई के प्रभाव से बचाना है। यह बेसिक सैलरी के प्रतिशत के रूप में तय किया जाता है और हर साल दो बार संशोधित किया जाता है।

## नोएडा हिंसा का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा



नोएडा में श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के मुख्य साजिशकर्ता और एक लाख के इनामी आरोपी आदित्य आनंद को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने उसे तमिलनाडु के तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन से दबोचा है। लंबे समय से फरार चल रहे इस आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है।

पुलिस के अनुसार श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ गतिविधियों और हिंसा को संगठित करने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका सामने आई थी। जांच में उसे पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड पाया गया था। जिसके बाद थाना फेज-2 में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचता फिर रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। इसके बाद पुलिस और एसटीएफ की टीमें अलग-अलग राज्यों में उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थीं। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी संसाधनों का सहारा लेकर उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए रखी।

आरोपी की लोकेशन तमिलनाडु में ट्रेस होने के बाद विशेष टीम को वहां भेजा गया। टीम ने सटीक सूचना के आधार पर तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने बचने की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते वह सफल नहीं हो सका।

## ट्रंप की धमकी के बीच ईरान ने बंद किया होर्मुज का रास्ता

तेहरान




ईरान ने शनिवार को एक बड़ा एलान करते हुए कहा है कि सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य अब फिर से पुरानी स्थिति यानी सख्त सैन्य नियंत्रण में वापस आ गया है। ईरान ने यह फैसला अमेरिका की ओर से ईरानी बंदरगाहों की लगातार की जा रही घेराबंदी के जवाब में लिया है। तेहरान ने पहले इस जलमार्ग को फिर से खोलने की घोषणा की थी।

ईरानी सरकारी मीडिया 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग' ने इस संबंध में जानकारी दी है। ईरान के 'सेंट्रल हेडक्वार्टर ऑफ द होली प्रॉफेट' के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया कि तेहरान ने पहले सद्भावना दिखाते हुए बातचीत के बाद तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों को इस रास्ते से सीमित और प्रबंधित तरीके से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई थी। हालांकि, प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने अपने वादों को बार-बार तोड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका घेराबंदी लागू करने के बहाने समुद्री डकैती और लूटपाट जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है। इसी वजह से ईरान ने अब अपना रुख कड़ा कर लिया है। बयान में साफ कहा गया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर अब नियंत्रण फिर से सख्त कर दिया गया है और यह पूरा जलमार्ग अब ईरान के सशस्त्र बलों के सीधे प्रबंधन और नियंत्रण में रहेगा। ईरान ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वर्तमान स्थिति तब तक जारी रहेगी जब तक अमेरिका ईरानी जहाजों के लिए आवाजाही की पूर्ण स्वतंत्रता सुनिश्चित नहीं कर देता। यह तनाव तब और बढ़ गया जब डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट साझा की। ट्रंप ने घोषणा की कि ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक घेराबंदी तब तक पूरी ताकत के साथ जारी रहेगी जब तक तेहरान के साथ कोई व्यापक शांति समझौता या लेनदेन 100 प्रतिशत पूरा नहीं हो जाता। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह प्रक्रिया बहुत तेजी से पूरी होगी। ट्रंप के इस बयान पर ईरान की संसद के अध्यक्ष एमबी गालिबाफ ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रंप की आलोचना करते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाली हर समुद्री गतिविधि पर तेहरान का कड़ा नियंत्रण रहेगा।

### होर्मुज में ईरानी सैनिकों की गोलीबारी, भारतीय जहाजों को लौटना पड़ा

काहिरा / नई दिल्ली

पश्चिम एशिया के सबसे अहम समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य में हालात अचानक और तनावपूर्ण हो गए हैं। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड की गोलीबारी की खबर के बाद भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलना पड़ा। यह घटना ऐसे समय हुई है जब क्षेत्र पहले से ही संघर्ष और अस्थिरता से जूझ रहा है। इस घटनाक्रम ने वैश्विक तेल आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। जानकारी के मुताबिक दो भारतीय जहाज जग अर्नव और सन्मार हेराल्ड इस घटना में शामिल थे। इनमें से जग अर्नव, जो करीब 20 लाख बैरल इराकी तेल लेकर जा रहा था, पर कथित तौर पर फायरिंग की गई। वहीं दूसरा जहाज सुरक्षित रहा। घटना के बाद दोनों जहाजों को होर्मुज से वापस लौटना पड़ा। ब्रिटेन की समुद्री एजेंसी के अनुसार, ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट्स ने एक टैंकर पर गोलीबारी की। हालांकि जहाज और चालक दल सुरक्षित बताए गए हैं। यह कार्रवाई तब हुई जब ईरान ने इस अहम समुद्री मार्ग पर फिर से पाबंदियां लागू करने की घोषणा की थी। भारतीय अधिकारियों ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। भारतीय नौसेना पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है। फिलहाल होर्मुज में भारतीय नौसेना का कोई जहाज मौजूद नहीं है, लेकिन ओमान की खाड़ी में भारत के युद्धपोत तैनात हैं।

## 'पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र और कानून-व्यवस्था ध्वस्त'

नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल चुनाव में कुछ दिन बचे हैं। इसी बीच भाजपा ने टीएमसी पर गंभीर आरोप लगाया। भाजपा ने कहा कि टीएमसी के राज में पश्चिम बंगाल मे लोकतंत्र और कानून-व्यवस्था ध्वस्त है।

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के प्रमुख सामिक भट्टाचार्य ने शनिवार को राज्य में तृणमूल कांग्रेस सरकार हमला किया। उन्होंने सरकार को जीवित जीवाश्म होने का तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार उधार के समय पर जी रही है। जनता ने उसे लगभग नकार दिया है। टीएमसी शासन की ओर से लोकतंत्र को कुचलने और कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक हिंसा खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है, जबकि पुलिस ने इस पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने राज्य के लोग लोकतंत्र की बहाली चाहते हैं। पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, जहां 2021 के चुनावों के बाद टीएमसी द्वारा भाजपा के 253 पदाधिकारियों की हत्या कर दी गई थी। टीएमसी के गुंडों द्वारा मचाई गई हिंसा में लोकतंत्र पर हमला हुआ। सभा को याद दिलाते हुए कि 2011 में ममता बनर्जी ने 'लोकतंत्र की बहाली' के नारे के साथ 34 साल के वाम मोर्चा के शासन का अंत किया था।

इसके तुरंत बाद, उनकी पार्टी ने माकपा की गुंडागर्दी और बाहुबल को अपना लिया। अगले दो कार्यकालों तक आतंक का राज कायम किया। उन्होंने लोगों और विपक्षी दलों को डराने-धमकाने की कोशिश की ताकि कोई भी उनके खिलाफ खड़ा न हो सके।

## सम्पादकीय

# भारत पर मंडराया महंगाई और गरीबी बढ़ने का बड़ा खतरा

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव के मोर्चे स्थायी तौर पर बंद होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बीच हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता बेनतीजा रहने से जहां अमेरिका का रुख फिर से आक्रामक हो गया है, वहीं ईरान भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार दिख रहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का अगर जल्द समाधान नहीं तलाश गया, तो इसके व्यापक एवं दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं। इससे न केवल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना बेहद मुश्किल हो जाएगा, बल्कि खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे सीधे तौर पर आम आदमी का जीवन स्तर प्रभावित होगा। इसका सबसे ज्यादा असर भारत समेत उन देशों पर पड़ेगा, जो अपनी जरूरतों के लिए आयात पर अधिक निर्भर हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की ओर से जारी एक रपट में कहा गया है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव से उत्पन्न हालात के कारण भारत में पच्चीस लाख लोगों के गरीबी की जद में आने का खतरा है। इस आकलन का आधार यह है कि होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से जहां ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ रही है,



सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

वहीं लोगों की आजीविका कमजोर हो रही है, घरेलू क्रय शक्ति घट रही है और खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव के मोर्चे स्थायी तौर पर बंद होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बीच हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता बेनतीजा रहने से जहां अमेरिका का रुख फिर से आक्रामक हो गया है, वहीं ईरान भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार दिख रहा है। ऐसे में अगर होर्मुज जलमार्ग लंबे समय तक बंद रहा, तो इसका असर दुनिया भर में ऊर्जा के गंभीर संकट के रूप में सामने आएगा। भारत की बात की जाए, तो वह अपनी नब्बे फीसद से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का चालीस फीसद से अधिक तथा एलपीजी का नब्बे फीसद आयात पश्चिम एशिया से किया जाता है। इसके अलावा, उर्वरक आयात का पैंतालीस फीसद से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है। इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि भारत के कुल निर्यात का चौदह फीसद और आयात का करीब इक्कीस फीसद व्यापार पश्चिम एशिया से जुड़ा है। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं होगा कि आने वाले दिनों में देश में किस तरह की स्थिति पैदा हो सकती है। अमेरिका और ईरान के अड़ियल रवैये से पश्चिम एशिया में युद्ध के मोर्चे दोबारा खुलने की आशंकाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि भारत में गरीबी दर 23.9 फीसद से बढ़कर 24.2 फीसद हो सकती है। जबकि वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोग गरीबी के जोखिम में आ सकते हैं, जिनमें भारत समेत दक्षिण एशिया के लोग सबसे अधिक होंगे। इस संकट के बाद देश में गरीबी में रहने वालों की संख्या 35.40 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो पहले 35.15 करोड़ थी। जाहिर है कि देश की आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए जीवन-यापन से संबंधित नई मुसीबतें खड़ी हो जाएंगी। इसमें दोराय नहीं कि देश में मौजूदा परिस्थितियों से निपटने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इससे निश्चित तौर पर सरकारी बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है और ऐसे में ज्यादा दिन तक स्थिति को संभालना आसान नहीं होगा। ऐसे में जरूरी है कि सरकार ऊर्जा के नए स्रोत तलाशने के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करे, ताकि संभावित संकट के असर को कम किया जा सके।

# अक्षय तृतीया पर्व है लोक से लोकोत्तर की दिव्य यात्रा

## अक्षय तृतीया- 19 अप्रैल, 2026

ललित गर्ग




अक्षय तृतीया महापर्व का न केवल सनातन परम्परा में बल्कि जैन परम्परा में विशेष महत्व है। इसका लौकिक और लोकोत्तर-दोनों ही दृष्टियों में महत्व है। अक्षय शब्द का अर्थ है कभी न खत्म होने वाला। संस्कृत में, अक्षय शब्द का अर्थ है समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता, जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। इस प्रकार अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों जैसे जप-तप, यज्ञ, पितृ-तर्पण, दान-पुण्य आदि का साधक को अक्षय फल प्राप्त होता है। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले समाज में दान का महत्व समझाया था, इसलिए इस दिन पर जैन धर्म के लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषधि दान करते हैं। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व त्यौहार के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है। आज के युद्ध, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा एवं अशांति के समय में संयम एवं तप की, भौतिकता एवं आध्यात्मिकता की अक्षय परम्परा को जन-जन की जीवनशैली बनाने की जरूरत है।

अक्षय तृतीया यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय चेतना की उस अखंड धारा का प्रतीक है, जो जीवन को क्षणभंगुरता से उठाकर अक्षयता की ओर ले जाती है। अक्षय अर्थात जो कभी क्षीण न हो, जो निरंतर प्रवहमान रहे, ऐसी ही भावना का यह पर्व है, जो हमारे लौकिक व्यवहार से लेकर लोकोत्तर साधना तक, हर स्तर पर गहन अर्थ रखता है। यह दिन केवल शुभारंभ का नहीं, बल्कि आत्मारंभ का भी दिन है। भारतीय परंपरा में अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त कहा गया है-अर्थात ऐसा समय, जिसमें किसी विशेष गणना या ज्योतिषीय विचार की आवश्यकता नहीं होती। यह स्वयं ही शुभता का पर्याय है। यही कारण है कि इस दिन विवाह, गृहप्रवेश, व्यापारारंभ जैसे अनेक मांगलिक कार्य बिना किसी संकोच के सम्पन्न किए जाते हैं। यह विश्वास केवल आस्था नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक अनुभव का परिणाम है, जिसने इस दिन को सर्वसिद्धिदायक मान्यता प्रदान की है।

लौकिक दृष्टि से देखें तो अक्षय तृतीया भारतीय अर्थव्यवस्था और श्रम-संस्कृति से गहराई से जुड़ी हुई है। यह दिन किसानों के लिए नई आशा का संदेश लेकर आता है। प्राचीन काल में राजाओं द्वारा श्रेष्ठ किसानों को बीज भेंट करने की परंपरा केवल सम्मान का प्रतीक नहीं थी, बल्कि कृषि को राष्ट्र की आत्मा मानने का सजीव प्रमाण थी। यह विश्वास कि इन बीजों से उत्पन्न अन्न कभी समाप्त नहीं होगा, दरअसल उस श्रम और प्रकृति के समन्वय पर आस्था थी, जो भारतीय जीवन का आधार है। कुम्हारों, शिल्पकारों, पशुपालकों-विशेषकर बैलों के लिए भी यह दिन विशेष महत्व रखता है। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि सृजन, श्रम और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ही समृद्धि का वास्तविक आधार है। किन्तु अक्षय तृतीया का वास्तविक सौंदर्य उसके लोकोत्तर आयाम में प्रकट होता है, जहाँ यह पर्व आत्मशुद्धि, तप और साधना का महापर्व बन जाता है। जैन परंपरा में यह दिन विशेष रूप से पूज्य है, क्योंकि इसका संबंध प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जीवन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटना से जुड़ा हुआ है। यह वह दिन है, जब दीर्घकालीन तपस्या के उपरांत उनका पारणा हुआ, एक ऐसा क्षण, जिसने तप को तृप्ति और साधना को पूर्णता प्रदान की।

कथा के अनुसार, जब भगवान ऋषभदेव ने राजपाट त्यागकर संन्यास धारण किया, तब एक वर्ष से अधिक समय तक उन्हें उचित आहार नहीं मिला। यह केवल भौतिक अभाव नहीं था, बल्कि उस युग की सामाजिक अपरिपक्वता का द्योतक था, जहाँ लोग अहिंसक आहार और संयमित जीवन की अवधारणा से अनभिज्ञ थे। अंततः हस्तिनापुर में राजकुमार श्रेयांस ने उन्हें इक्षुरस अर्पित कर उनकी तपस्या का पारणा कराया। उस क्षण अहोदानम, अहोदानम की ध्वनि गूंजी, यह केवल एक आह्लाद नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक चेतना का उद्घोष था, जिसने दान, संयम और साधना को एक नई दिशा दी। यही कारण है कि अक्षय तृतीया जैन साधकों के लिए वर्षीतप जैसे महान तप-अनुष्ठानों का पूर्णाहुति दिवस है। एक वर्ष तक एकान्तर उपवास करने वाले साधक इस दिन पारणा करते हैं। यह तप केवल शरीर को कष्ट देने का साधन नहीं, बल्कि आत्मा को निर्मल करने की प्रक्रिया है। यह हमें सिखाता है कि भोग से नहीं, त्याग से जीवन अक्षय बनता है।



अक्षय तृतीया का आध्यात्मिक संदेश अत्यंत गहन है। यह हमें बताता है कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल संसाधनों का संचय नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि है। भारतीय संस्कृति में आत्मा को सर्वोपरि सत्य माना गया है, और उसकी खोज को जीवन की सर्वोच्च साधना। यह पर्व उसी खोज का निमंत्रण है, एक ऐसा निमंत्रण, जो हमें बाह्य जगत से भीतर की यात्रा पर ले जाता है। ऋषभदेव का जीवन इस संदर्भ में अत्यंत प्रेरणादायक है। ऋषभ शब्द का एक अर्थ बैल भी है-जो श्रम, धैर्य और स्थिरता का प्रतीक है और दूसरा अर्थ है तीर्थंकर-जो आत्मोद्धार और लोकमंगल का मार्ग प्रशस्त करता है। इस प्रकार उनका जीवन भौतिक और आध्यात्मिक-दोनों आयामों का अद्भुत समन्वय है। उन्होंने समाज को कृषि, शिल्प, व्यापार जैसी जीवनोपयोगी विधाएं दीं, और साथ ही आत्मा की मुक्ति का मार्ग भी दिखाया। यही समग्रता अक्षय तृतीया के दर्शन में भी झलकती है। आज के संदर्भ में यह पर्व और भी प्रासंगिक हो उठता है। जब मानव जीवन भौतिक उपलब्धियों की दौड़ में उलझा हुआ है, तब अक्षय तृतीया हमें संतुलन का पाठ पढ़ाती है। यह हमें याद दिलाती है कि केवल भौतिक समृद्धि से जीवन पूर्ण नहीं होता। यदि भीतर शांति नहीं, तो बाहरी वैभव भी निरर्थक है। और यदि भीतर संतोष है, तो सीमित साधनों में भी जीवन अक्षय बन सकता है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि साधना केवल मठों और आश्रमों तक सीमित नहीं है। यह जीवन की प्रत्येक क्रिया में संभव है, यदि उसमें सजगता, संयम और समर्पण का भाव हो। एक किसान जब श्रद्धा से बीज बोता है, एक कुम्हार जब मिट्टी को आकार देता है, एक गृहस्थ जब ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करता हैकृतब वह भी एक प्रकार की साधना ही कर रहा होता है।

अक्षय तृतीया का सांस्कृतिक महत्व भी अत्यंत व्यापक है। यह पर्व भारतीय जीवन की उस समन्वयकारी दृष्टि का प्रतीक है, जिसमें भौतिकता और आध्यात्मिकता विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। यहाँ अन्न का भी सम्मान है और आत्मा का भी। यहाँ श्रम का भी महत्व है और ध्यान का भी। यही संतुलन भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है। व्यक्तिगत स्तर पर यह दिन आत्ममंथन का अवसर प्रदान करता है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने जीवन में झांकें, क्या हमारा जीवन केवल उपभोग में व्यतीत हो रहा है, या उसमें कोई उच्च उद्देश्य भी है? क्या हम केवल संग्रह कर रहे हैं, या कुछ त्याग भी कर पा रहे हैं? क्या हम केवल बाहर की दुनिया को संवार रहे हैं, या भीतर की दुनिया को भी प्रकाशित कर रहे हैं? अक्षय तृतीया हमें यह संदेश देती है कि यदि हम अपने जीवन में तप, संयम और सेवा को स्थान दें, तो हमारा जीवन भी अक्षय बन सकता है। यह अक्षयता केवल धन या वस्तुओं की नहीं, बल्कि पुण्य, शांति और आत्मिक संतोष की होती है, जो कभी समाप्त नहीं होती। आज आवश्यकता है कि हम इस पर्व को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखें, बल्कि इसके गूढ़ संदेश को अपने जीवन में उतारें। यदि इस दिन हम एक संकल्प लें, संयम का, सेवा का, साधना का, तो यह दिन वास्तव में हमारे जीवन में परिवर्तन का सूत्रधार बन सकता है। अंततः अक्षय तृतीया एक ऐसी पावन गंगा है, जिसमें तप की धारा, संस्कृति की सुवास, श्रम की गरिमा और आत्मा की पवित्रताकृंसस एक साथ प्रवाहित होती हैं। जो इस धारा में स्नान करता है, वह केवल बाह्य रूप से नहीं, बल्कि भीतर से भी निर्मल हो जाता है। यही इस पर्व की सर्वोच्च उपलब्धि है, और यही इसका सनातन संदेश कि जीवन को अक्षय बनाना है, तो उसे तप, त्याग और आत्मबोध से आलोकित करना होगा।

अक्षय तृतीया यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय चेतना की उस अखंड धारा का प्रतीक है, जो जीवन को क्षणभंगुरता से उठाकर अक्षयता की ओर ले जाती है। अक्षय अर्थात जो कभी क्षीण न हो, जो निरंतर प्रवहमान रहे, ऐसी ही भावना का यह पर्व है, जो हमारे लौकिक व्यवहार से लेकर लोकोत्तर साधना तक, हर स्तर पर गहन अर्थ रखता है। यह दिन केवल शुभारंभ का नहीं, बल्कि आत्मारंभ का भी दिन है। भारतीय परंपरा में अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त कहा गया है-अर्थात ऐसा समय, जिसमें किसी विशेष गणना या ज्योतिषीय विचार की आवश्यकता नहीं होती। यह स्वयं ही शुभता का पर्याय है। यही कारण है कि इस दिन विवाह, गृहप्रवेश, व्यापारारंभ जैसे अनेक मांगलिक कार्य बिना किसी संकोच के सम्पन्न किए जाते हैं। यह विश्वास केवल आस्था नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक अनुभव का परिणाम है, जिसने इस दिन को सर्वसिद्धिदायक मान्यता प्रदान की है। लौकिक दृष्टि से देखें तो अक्षय तृतीया भारतीय अर्थव्यवस्था और श्रम-संस्कृति से गहराई से जुड़ी हुई है। यह दिन किसानों के लिए नई आशा का संदेश लेकर आता है। प्राचीन काल में राजाओं द्वारा श्रेष्ठ किसानों को बीज भेंट करने की परंपरा केवल सम्मान का प्रतीक नहीं थी, बल्कि कृषि को राष्ट्र की आत्मा मानने का सजीव प्रमाण थी। यह विश्वास कि इन बीजों से उत्पन्न अन्न कभी समाप्त नहीं होगा, दरअसल उस श्रम और प्रकृति के समन्वय पर आस्था थी, जो भारतीय जीवन का आधार है।

# महिला कोटे से जुड़े संविधान बिल के लुढ़कने के सियासी निहितार्थ

कमलेश पांडे

इंडिया गठबंधन की विपक्षी एकजुटता ने पुनः सत्ताधारी गठबंधन एनडीए की नींद उड़ा दी है। ऐसा इसलिए कि लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026, जो लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लाने से जुड़ा था, 16 अप्रैल 2026 को वोटिंग में गिर गया। इसके पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 वोट पड़े, जबकि न्यूनतम दो-तिहाई बहुमत (लगभग 352 वोट) की आवश्यकता थी, जो सरकार के रणनीतिकारों ने नहीं जुटा पाए। शायद पहली बार सदन में अमित शाह की रणनीति पिट गई। इसका राजनीतिक प्रभाव यह रहा कि मोदी सरकार के लिए 12 साल में पहली बड़ी संवैधानिक हार हुई है, जो विपक्ष की एकजुटता को दशार्ता है। हालांकि, सरकार ने शेष दो बिल (परिसीमन और अन्य) आगे नहीं बढ़ाए, क्योंकि वे मुख्य बिल पर निर्भर थे। एचएम अमित शाह और पीएम मोदी विपक्ष के विरोध को कांग्रेस के इतिहास से जोड़कर जनता में प्रचार करेंगे। यह 2029 चुनावों से पहले राजनीतिक ध्रुवीकरण तेज कर सकता है। लेकिन इसका साइड इफेक्ट्स पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों में भी दिख सकता है, क्योंकि विपक्षी एकजुटता का पुनः संदेश गया है।

वहीं, मोदी सरकार महिला आरक्षण बिल को दोबारा लाने के लिए रणनीतिक बदलाव कर सकती है, खासकर 16 अप्रैल 2026 को लोकसभा में हार के बाद। समझा जाता है कि सरकार नई विधेयक रणनीति के तहत दो या तीन नए विधेयक ला सकती हैः पहला लोकसभा सीटें बढ़ाकर (543 से 850 तक) 33% महिला आरक्षण सुनिश्चित करेगा, जिसमें एससी/एसटी के लिए सब-कोटा भी शामिल होगा। लेकिन फिर सवाल उठेगा कि ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के लिए क्यों नहीं? दूसरा परिसीमन आयोग स्थापित करेगा, लेकिन इसे राज्यों के अनुमोदन से अलग रखा जा सकता है ताकि दो-तिहाई बहुमत आसान हो। सरकार का मानना है कि विपक्ष से सहमति निर्माण के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, क्योंकि पीएम मोदी सभी दलों को पत्र लिखकर सर्वसम्मति की अपील कर चुके हैं, इसी सिलसिले में कांग्रेस और अन्य विपक्षियों से बातचीत जारी है। महिला कोटा बिल को



2029 चुनावों से पहले लागू करने के लिए 2011 जनगणना पर आधारित संशोधन पर जोर दिया, और नई जनगणना-परीक्षण का इंतजार खत्म किया जाएगा। इसके निमित्त संसदीय प्रक्रिया यह हैं कि विशेष सत्र बुलाकर संशोधित बिल पेश करना संभव होगा, जहां 18 घंटे लोकसभा और 10 घंटे राज्यसभा चर्चा होगी। वहीं सड़क पर प्रचार के साथ विपक्ष को ओबीसी हितों पर घेराव, जिससे राजनीतिक दबाव बनेगा। यह 2029 से पहले बहुमत जुटाने की कोशिश होगी।

इस प्रकार देखा जाए तो महिला आरक्षण बिल को 2029 से पहले लागू करना संवैधानिक रूप से जटिल है, क्योंकि इसके लिए परिसीमन प्रक्रिया अनिवार्य है जो 2011 जनगणना पर आधारित होनी चाहिए। इसका संभावित विकल्प संशोधित बिल पुनर्प्रस्तावहै जिसके तहत सरकार दोबारा संशोधित विधेयक ला सकती है, जिसमें लोकसभा सीटें बढ़ाकर (543 से 850 तक) 33% महिला कोटा सुनिश्चित हो, लेकिन विपक्ष सहमति के बिना दो-तिहाई बहुमत मुश्किल है। इसलिए विपक्ष से सर्वसम्मति की पहल तेज है। सरकार सभी दलों से बातचीत तेज कर विशेष सत्र बुलाना, परिसीमन को अलग रखकर बिल पास करवाना, हालांकि विपक्ष इसे "परिसीमन साजिश" मान रहा है। जहाँ तक व्यावहारिक बाधाओं की बात है तो परिसीमन आयोग को पब्लिक हियरिंग और प्रक्रिया में कम से कम 2-3 वर्ष लगते हैं, इसलिए 2029 चुनाव से पहले पूरा होना असंभव है। वहीं बिल गिरने से अब अगली जनगणना (2031) और उसके बाद के परिसीमन तक (2034+) देरी तय, दक्षिणी राज्यों की चिंताएं टल सकती हैं। सरकार सड़क प्रचार पर जोर देगी। वहीं विपक्ष ने लोकसभा में गिरे महिला आरक्षण संविधान संशोधन बिल पर मुख्य रूप से परिसीमन प्रक्रिया, ओबीसी/एससी/एसटी सब-कोटा और राजनीतिक साजिश को लेकर आपत्तियां दर्ज कीं। मुख्य आपत्तियां निम्नलिखित हैः- पहला, परिसीमन साजिशः बिल को लोकसभा/विधानसभा सीटें बढ़ाने और 2011 जनगणना पर परिसीमन से जोड़ा गया, जिसे विपक्ष ने उत्तर भारत (विशेषकर भाजपा शासित राज्यों) को लाभ पहुंचाने वाली "सीट रिबनिंग" करार दिया। फलतः दक्षिणी राज्य अपनी सीटें खोने के डर से विरोधी हो गए।

दूसरा, ओबीसी/ईडब्ल्यूएस आरक्षण अनुपस्थितिः 33% महिला कोटा में ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लिए सब-कोटा न होने से सामाजिक न्याय का उल्लंघन ठहराया, और इसे "सवर्ण महिलाओं के लिए" नया मौका बताया।

तीसरा, संविधान पर हमलाः राहुल गांधी ने इसे "संविधान बचाओ" का मुद्दा बनाया, और दावा किया कि बिल चुनावी नक्शा बदलकर विपक्ष कमजोर करेगा।

इस प्रकार राजनीतिक तर्क देते हुए विपक्ष ने इसे "छलावा" कहा, क्योंकि लागू होने में 2029-34 तक देरी होगी। इसलिए एकजुट होकर वोटिंग में भाजपा नीत एनडीए को हराया। वहीं, मोदी सरकार ने विपक्ष की आपत्तियों का जवाब देते हुए बिल को महिलाओं के सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताया, जो 25-30 साल पहले ही लागू हो जाना चाहिए था। परिसीमन पर स्पष्टीकरण देते हुए सरकार ने कहा कि परिसीमन 2011 जनगणना पर आधारित होगा, जो निष्पक्ष है और दक्षिणी राज्यों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा; यह सीट वृद्धि के साथ संतुलित होगा। अमित शाह ने चुनौती दी कि यदि विपक्ष संशोधन चाहे तो सदन एक घंटा रोकें, वे तुरंत बदलाव लाएंगे। वहीं, ओबीसी/एससी/एसटी कोटा पर जवाब देते हुए सरकार ने ओबीसी/ईडब्ल्यूएस सब-कोटा की मांग पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए सरकार ने स्पष्ट कहा कि संविधान धर्म या जाति आधारित अतिरिक्त आरक्षण की अनुमति नहीं देता; इसलिए मौजूदा एससी/एसटी कोटा में महिलाओं को प्राथमिकता रहेगी। पीएम मोदी ने विपक्ष को "महिलाओं के खिलाफ" करार दिया, और कहा कि पंचायत स्तर पर सफलता साबित हो चुकी है।

## लघुकथा

### साँस लेने की आजादी



अलेक्सांद्र सोल्शेनित्सिन

रात में बारिश हुई थी और अब काले-काले बादल आसमान में इधर से उधर घूम रहे हैं; कभी-कभी छिटपुट बारिश की खूबसूरत छटा बिखेरते हुए। मैं बौर आए सेब के पेड़ के नीचे खड़ा हूँ और साँसें ले रहा हूँ। सिर्फ सेब का यह पेड़ ही नहीं, बल्कि इसके चारों ओर की घास भी आर्द्रता के कारण जगमगा रही है; हवा में व्याप्त इस सुगंध का वर्णन शब्द नहीं कर सकते। मैं बहुत गहरे साँस खींच रहा हूँ और सुवास मेरे भीतर तक उतर आती है। मैं आँखें खोलकर साँस लेता हूँ, मैं आँखें मूँदकर साँस लेता हूँ, मैं यह नहीं बता सकता कि इनमें से कौन-सा तरीका मुझे अधिक आनंद दे रहा है। मेरा विश्वास है कि यह एकमात्र सर्वाधिक मूल्यवान स्वतंत्रता है, जिसे कैद ने हमसे दूर कर दिया है; यह साँस लेने की आजादी है, जैसे मैं अब ले रहा हूँ। इस संसार मेरे लिए यह फूलों की सुगंध भरी मुग्ध कर देने वाली वायु है, जिसमें आर्द्रता के साथ-साथ ताजगी भी है। यह कोई विशेष बात नहीं है कि यह छोटी-सी बगीची है, जो कि चिड़ियाघर में लटके पिंजरों-सी पाँच मंजिले मकानों के किनारे पर है। मैंने मोटर साइकिलों के इंजन की आवाज, रेडियो की चिल्ल-पों, लाउडस्पीकरों की बुदबुदाहट सुनना बंद कर दिया है। जब तक बारिश के बाद किसी सेब के नीचे साँस लेने के लिए स्वच्छ वायु है, तब तक हम खुद को शायद कुछ और ज्यादा जिंदा बचा सकते हैं।

## कहानी

### उल्लू और कौवे के बैर का कारण



एक बार हंस, तोता, बगुला, कोयल, चातक, कबूतर, मुर्गा, उल्लू आदि प्रमुख पक्षियों ने एक सभा करके यह निश्चय किया कि पक्षियों को अपने नए राजा का चुनाव कर लेना चाहिए। हमारा वर्तमान राजा गरुड़ है, किंतु वह भगवान विष्णु की सेवा-कार्यों में इतना व्यस्त रहता है कि पक्षियों के हित-साधन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाता। हमें ऐसा राजा चाहिए जो हमारे बीच रहकर हमारी समस्याओं पर विचार करे और उनका समाधान करे। यह सभा कई दिन तक चली और अंततः निर्णय हुआ कि उल्लू को नया राजा बनाया जाए। अभिषेक की तैयारियाँ होने लगीं। विभिन्न तीर्थों से पवित्र जल मँगवाया गया। सिंहासन पर रत्न जड़े गए, स्वर्ण-घट भरे गए। वेद-पाठी ब्राह्मणों ने वेद-मंत्रों का गान आरंभ कर दिया। उल्लू राज-सिंहासन पर बैठने ही वाले थे कि कहीं से एक कौवा आ पहुँचा। कौवे को यह सब देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ। वह मन-ही-मन सोचने लगा कि यह कैसा समारोह है? पक्षियों ने भी कौवे को देखा तो वे आश्चर्य में पड़ गए। कौवे को तो किसी ने आमंत्रित भी नहीं किया था, फिर यह यहाँ क्यों आया? लेकिन सभी ने यह सुना हुआ था कि मनुष्यों में नाई, हिंस्र पशुओं में गीदड़ और पक्षियों में कौवा सबसे चतुर होता है। इसलिए कुछ काम ऐसे होते हैं जिन्हें अकेले नहीं करना चाहिए, जैसे–

–जटिल विषयों पर अकेले विचार नहीं करना चाहिए

–स्वादिष्ट भोजन अकेले नहीं खाना चाहिए

–सोते हुए लोगों के बीच अकेले जागना उचित नहीं

–यात्रा पर अकेले जाना भी संकटपूर्ण होता है–रास्ते में यदि कोई डरपोक व्यक्ति भी मिल जाए तो उसे साथ ले लेना चाहिए। कौवा बोला, मित्रों! यह क्या कर रहे हो? उल्लू को राजा बनाना चाहते हो? अरे, यह तो रात में ही देखता है, दिन में अंधा हो जाता है। ऐसे राजा से हमारी प्रजा का क्या भला होगा? दिन के समय शत्रु आक्रमण करेंगे तो यह क्या करेगा? सोएगा? यह सुनकर सभी पक्षी सोच में पड़ गए। उल्लू क्रोधित हो उठा और बोला, कौवे! तूने मेरे राज्याभिषेक में विघ्न डाला है। आज यदि यह समारोह रुक गया तो मैं तुझे और तेरे पूरे वंश को कभी क्षमा नहीं करूँगा। कौवा हँसकर उड़ गया। अभिषेक रुक गया और पक्षी बिना राजा चुने लौट गए। तभी से उल्लू और कौवों में बैर हो गया। उल्लू रात में कौवों को मारते हैं और कौवे दिन में उल्लुओं के घोंसलों को नष्ट कर देते हैं।

**सीखः** जल्दबाजी में लिया गया निर्णय गलत हो सकता है। दूसरों की सलाह लेना हमेशा लाभदायक होता है।

# इतिहास रचने के नए अंदाज

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

कुत्तों का मामला भी उनकी पूंछ की तरह टेढ़ा है। कुत्ते नहीं तो वोट नहीं जैसे पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इंसान के सबसे वफादार साथी कुत्तों की नसबंदी करवाई जा रही है। कुछ नेता ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए मतदाताओं को हांक रहे हैं। क्या हो गया अगर जिंदगी भर वफादार रहने वाले ने एक दो बार काट भी लिया।

यह भी इतिहास रचना ही है कि अधिकांश युद्ध अनुशासन और शांति स्थापित कर, शांति पुरस्कार हासिल करने के लिए लड़े जा रहे हैं। यह भी ऐतिहासिक है कि वफादारी के प्रतीक जानवर बारे, बड़ी बड़ी कुर्सियां और व्यक्तित्व लगभग लड़ते रहे और खींचतान जारी है। गरमी के मौसम में गरमा गर्म बहस चल रही है। कुछ इंसानी बयान स्थिति इतनी गंभीर कर देते हैं जितनी कुत्तों की गिनती में भी नहीं दिखती। अनेक सन्दर्भों में माफी की मांग भी हुई लेकिन माहौल इतना पारदर्शी है कि कोई किसी से आसानी से माफी मांग कर या माफ



कर किस्सा खत्म नही करना चाहता। इतने अच्छे या कद्र करने लायक सम्बन्ध नहीं रहे कि माफी मांगने के काबिल हों। कुत्तों का मामला भी उनकी पूंछ की तरह टेढ़ा है। कुत्ते नहीं तो वोट नहीं जैसे पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इंसान के सबसे वफादार साथी कुत्तों की नसबंदी करवाई जा रही है। कुछ नेता ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए मतदाताओं को हांक रहे हैं। क्या हो गया अगर जिंदगी भर वफादार रहने वाले ने एक दो बार काट भी लिया। इतनी बढ़िया दवाइयां उपलब्ध हैं। इस बहाने शोर शराबे वाली रोजमर्रा की जिंदगी से कुछ दिन आराम मिलेगा। छुट्टी आराम से मिलेगी। अखबार में फोटो सहित खबर छपेगी। हो सकता है दो चार चैनल वाले कवरेज करते हुए जिंदगी का पहला साक्षात्कार करें।

कुत्ते आम तौर पर सामान्य व्यक्तियों को ही काटते हैं। आम व्यक्ति तो आम होते हैं उन्हें सुरक्षा नहीं दी जा सकती। खास व्यक्ति जिन्हें आम तौर पर कुत्ते नहीं काटते, आम लोगों के लिए योजना बना सकते हैं। वैसे कौन सा कुत्ता काटेगा कौन सा नहीं, यह पहले से अंदाजा हो तो अलग बात है। किसी को कटवाना हो तो अग्रिम बुकिंग भी करवा सकते हैं। कुत्ते द्वारा काटे जाने की शैली पर उसकी नस्ल के हिसाब से मुआवजा मिल सकता है। भविष्य के लिए टांगों और बाजुओं पर पहने जाने वाले सख्त कवर मिल सकता है। किसी दूसरी जगह काट ले तो ऑटो बीमा स्कीम में मेडिकल बिल का भुगतान सरकार चाहे तो करे । जिस क्षेत्र में कुत्ते ज्यादा हों वहां एंटीरेबीज इंजेक्शन लगवाना जरूरी हो। कुत्ते के गले में उसका और उसके मालिक का पूरा लेमीनेट हुआ परिचय कार्ड लटका हो ताकि सम्पर्क करने में सुविधा हो । उसमें यह भी लिखा हो कि कितनी बार काट चुका है। कुछ कुत्ता स्वामी ऐसे होंगे जिनसे आम व्यक्ति सम्पर्क करने की हिम्मत न कर पाएंगे। कुत्ता लावारिस होगा तो वैसे भी कुछ नहीं हो पाएगा। वही कुत्ता सरकारी अफसर को भी काट ले तो संयुक्त बीमा क्लेम का सुअवसर हो सकता है। इतिहास

सुना है पिछले कुछ सालों में कुत्तों के काटने के मामले बढ़ रहे हैं। नेता काफी मुखर अशिष्टता का दामन थामे हुए हैं। इंसान ने कुत्तों से सचमुच काटना तो नहीं सीखा लेकिन जबान पर लाए शब्दों से तो काट ही रहा है। कहीं पढ़ने में आया कि शांति स्थापित करने वाले देश में पशु आश्रय स्थलों में कुत्ते और बिल्लियों को मार दिया जाता है। हमारे यहां तो ऐसा नहीं हो सकता। यहां आश्रय मिलना और मारना दोनों व्यावहारिक स्तर पर मुशकिल हैं। लोकतंत्र से वफादारी निभाना आसान नहीं, इस मामले में भी इतिहास रचा जा रहा है।

# कुरावली में अवैध रुप से बेचा जा रहा मिनरल वाटर

कुकरमुत्तो की भांति नगर व क्षेत्र में संचालित हो गए प्लान्ट, एक के भी नगर निगम से नहीं है अनापत्ति प्रमाण, मानक भी पूरे नहीं

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कुरावली/मैनपुरी।** नगर के मोहल्ला घरनाजपुर नई बस्ती सहित अन्य मोहल्लो में अवैध रुप से मिनरल वाटर प्लान्ट संचालित किए जा रहे है। नगर में संचालित किए जा रहे वाटर प्लान्टो पर मानक भी पूरे नहीं है। वाटर प्लान्ट संचालित करने वाले बेखौफ होकर मनमानी करते हुए नगर में शुद्ध पानी के स्थान पर जहर बेच रहे है। इनके संचालन के बाद सवाल एक है कि कई विभागो को चूना लगाकर अवैध रुप से संचालित किए जा रहे प्लान्टो पर अभी कार्रवाई नहीं की गई है।

नगर के मोहल्ला घरनाजपुर नई बस्ती में कई सालों से अवैध रुप से मिनरल वाटर प्लान्ट संचालित किया जा रहा है। इस प्लान्ट पर एक भी मानक पूरे नहीं है फिर भी यह संचालित किया जा रहा है। इस प्लान्ट के संचालित के लिए नगर निगम से एनओसी नहीं ली गई है इसके अलावा मिनरल वाटर प्लान्ट के अन्य मानक भी पूरे नहीं है। मानक की तो बात ही छोड़िए एक भी मानक पूरा नहीं है। फिर भी यह बेखौफ होकर इसका संचालन किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि अवैध रुप से संचालित वाटर प्लान्ट पर अभी तक किसी अधिकारी की निगाह क्यों नहीं पड़ी।

### शादी समारोह सहित नगर में होती है पानी की सप्लाई

कुरावली में अन्य स्थानों पर भी संचालित किए जा रहे मिनरल वाटर प्लान्टो से भारी मात्रा में शादी समारोह सहित अन्य पार्टियां पानी की सफ्लाई की जाती है। इसके अलावा कई वाहनो की मदद से पूरे नगर में सफ्लाई की जाती है। सभी प्लान्टो पर सुवह से नगर में पानी के कैंपरो से लदे वाहन रवाना कर दिए जाते है।

### कैसे बनाता है प्लान्ट का लाइसेंस

मिनरल वाटर प्लांट के लाइसेंस का आवेदन दिल्ली में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड में होता है। फीस तीन लाख रुपये से अधिक है। आइएसआइ मार्का के अधिकारी मौके पर जांच करते हैं। पानी का नमूना पास होने के बाद अनुमति पत्र दिया जाता है। यह पत्र जिला स्तर पर खाद्य विभाग को दिखाया जाता है। इसके बाद प्लांट का लाइसेंस जारी होता है। प्लांट के लिए जरूरी शर्ते, दो सौ फीट की बोरिंग होनी चाहिए।, पानी खारा न आता हो और वाटर लेबल ठीक हो।, आरओ मशीन और चिलर मशीन लगाई जाए।

# नामजद शराब पीकर रात में करते है परेशान

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** प्रियंका देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह चौहान निवासी ग्राम असैन्धी ने थाने में शिकायत की है। बताया वह शिक्षा विभाग में अनुदेशक पद पर कार्यरत कंपोजिट विद्यालय किशनी में है। पति मध्य प्रदेश पुलिस में तैनात है। रात के समय बच्चों समेत घर पर रहती हैं गांव के पड़ोसी नामजद व उनके साथ अन्य अज्ञात लोग मीट मास खाकर शराब पीते हैं।

वह नशे में मकान के बाहर लगी घंटी बजाते हैं रात में परेशान करते हैं। विरोध करने पर नशे में उन्हें गालियां देते हुए मारपीट को दौड़ते हैं। पीड़िता का आरोप है कि उपरोक्त लोगों से जान माल का अंदेशा है भविष्य में कोई वारदात होने पर उक्त ही जिम्मेदार होंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ वैष्णवी ने किया स्कूल टॉप

- कुरावली की बेटी स्कूल टॉप करने सम्मानित करेगा स्कूल प्रबंधन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कुरावली/मैनपुरी।** सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुरावली की बेटी ने 96.4 प्रतिशत अंको के साथ स्कूल टॉप किया है। स्कूल टॉप करने के बाद परिजनो ने छात्रा को मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया है।

कुरावली के मोहल्ला घरनाजपुर निवासी सेवानिवृत्त अध्यापक रामसनेही चक के पुत्र मनोज कुमार की बेटी वैष्णवी चक अपने घर से 23 किलोमीटर दूर कुरावली रोड स्थित आरसीएल वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई से शिक्षा ग्रहण करती है। इस बर्ष वैष्णवी ने हाईस्कूल परीक्षा दी थी, एक दिन पूर्व जब परीक्षा परिणाम आया तो वैष्णवी ने 96.4 प्रतिशत अंक हासिल किए, परीक्षा परिणाम पूरा होने पर स्कूल में उनसे आगे कोई भी छात्र नहीं था, इससे साफ हो गया कि उन्होने स्कूल टॉप किया है। सीबीएसई हाईस्कूल में स्कूल टॉप करने वालीं छात्रा वैष्णवी चक शुरू से ही मेधावी रहीं है। उनकी सफलता पर स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया जाएगा, मेधावी छात्रा वैष्णवी के पिता मनोज कुमार व ताऊ संजयकिशोर व चाचा कुलदीप किशोर भी अध्यापक है। चाचा भी विजय किशोर एक डॉक्टर है। मेधावी छात्रा वैष्णवी अपने समाजसेवी चाचा डॉ. राजकिशोर चक की सबसे लाड़ली बेटी भी है। बेटी के स्कूल टॉप की जानकारी मिलते ही डॉ. राजकिशोर खुशी से उछल पड़ते है। बेटी के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद चाचा ने अपने इष्टमित्रो सहित कस्वा के लोगो का मुंह मीठा कराया है।

## आज मैनपुरी में रहेंगे बृजेश पाठक

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक 19 अप्रैल को जनपद भ्रमण पर पधार रहे है, उप मुख्यमंत्री अपरान्ह 1.10 बजे से महाराज तेजसिंह जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण करेगें, अपरान्ह 01.45 बजे छोटा क्रिश्चियन मैदान में पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री एवं यात्रा संयोजक धनेश मिश्रा द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव एवं भव्य शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेगें, अपरान्ह 02.35 बजे कानपुर नगर के लिए प्रस्थान करेगें। उक्त आशय की जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल ने दी है।

## रिश्तेदारी मे गया युवक हुआ गायब, अनहोनी की आशंका

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** अपनी रिश्तेदारी मे गया युवक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया जिससे परिजनो मे अनहोनी की आंशका बनी हुई है परिजनो ने थाना पुलिस को तहरीर देकर युवक को खोंजने की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के ग्राम उमरीहार निवासी 20 बर्षीय ओमशरन पुत्र बृजमोहन गत दिवस 16 अप्रैल को अपनी रिश्तेदारी जनपद इटावा थाना वेदपुरा क्षेत्र के ग्राम रूपपुरा गया हुआ था जब देर सांय तक ओमशरन रिश्तेदारी मे नही पहुचा तो परिजनो नें उसके मोबाइल पर फोन किया तो फोन बन्द था बाद मे परिजनो ने युवक की काफी तलाश की किन्तु उसका कोई पता नही चल सका।

## तमंचा सहित युवक वन्दी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** थाना पुलिस ने नगर के गिहार कालौनी निवासी अनुराग उर्फ लाला पुत्र हेमसिंह उर्फ दम्मी के कब्जे से 315 बोर का देशी तमंचा तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आवश्यक लिखा पढी के बाद युवक को जेल भेजा है।

## लड़की के घर से चले जाने पर गजमशुदगी के लिए दी तहरीर

**मोर्निंग सिटी संवाददाता, किशनी/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में शिकायत कर बताया कि उनकी पुत्री दिनांक 18 अप्रैल रात करीब 2 बजे घर से कहीं चली गई है जो वापस लौटकर घर नहीं आई है। वह काफी जगह तलाश कर चुके हैं और रिश्तेदारी में पता किया लेकिन कहीं पता नहीं चला है। पीड़ित ने पुलिस से गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है।

## बच्चों को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**मोर्निंग सिटी संवाददाता, किशनी/मैनपुरी।** सुमन देवी पत्नी गयाप्रसाद शर्मा निवासी ग्राम कुमहौल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया दिनांक 18 अप्रैल सुबह करीब 7 बजे उनके मकान दीवाल के किनारे बच्चा की लैट्रिन करने से रोकने पर उनके गांव के नामजदों ने गालियां देकर लाठी डंडा लेकर मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान उनके शरीर पर काफी चोटें आ गई शोर गुल पर गांव के लोगों ने बचाया है। पीड़िता का आरोप है उनकी लड़की प्रीति को भी मारा पीटा है और मकान पर गंदगी करते हैं रात में कारखाना चोरी की बिजली से चलाते हैं और उनके पति को भी मारापीटा है। दूसरे पक्ष से फूलन देवी पत्नी महेश चंद्र राठौर ने बताया दिनांक 18 अप्रैल सुबह करीब 7 बजे उनका नाती उनके खाली खेत में लैट्रिन करने की बात को लेकर उनके गांव के नामजदों ने गालियां देते हुए लात,घूंसों व डंडों से मारा पीटा है। जिससे उनके हाथ पैरों में चोट आ गई। जब उनकी पुत्रवधू विनीता देवी पत्नी शैलेंद्र कुमार शर्मा ने बचाया तो उसे भी मारा पीटा है उसके हाथ पैरों में चोट आ गई गांव के मौजूद लोगों ने आकर बचाया है।पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रास्ते के विवाद मे युवक को दी धमकी

भोगांव/मैनपुरी। रास्ते के विवाद को लेकर दवंगो ने युवक को जान से मारने की दे डाली। पीडित ने पुलिस से शिकायत कर कारवाही किये जाने की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला पति निवासी रतीराम पुत्र मिटठूलाल ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि गांव के ही रविन्द्र सिंह पुत्र सूवेदार से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है, जिसका मामला राजस्व विभाग में विचाराधीन है।

पीड़ित का आरोप है कि रविन्द्र उसका पुत्र गुडडू व पत्नी ने उसके खेत तक जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है। साथ ही शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

# ब्रेक फेल होने पर ट्रक में जा घुसी रोडवेज बस

यात्रियों में मची चीख-पुकार; 10 से अधिक घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**मैनपुरी।** महोबा से मथुरा सवारियां लेकर जा रही रोडवेज बस के ब्रेक फेल हो गए। तरावदेव टोल प्लाजा के पास बस आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। यात्रियों की चीख पुकार सुन लोग एकत्रित हो गए। हादसे में 10 से अधिक यात्री घायल हो गए, जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल भेजा। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवा कर आवागमन सुचारू कराया।

थाना क्षेत्र में शनिवार की दोपहर नवीगंज स्थित तरावदेव टोल प्लाजा पर महोबा डिपो की बस, जिसमें 19 यात्री सवार थे अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। घायलों की चीख पुकार सुन कर लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया, सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आनन फानन घायल हुए बस यात्रियों को उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया, पूछताछ में कंटेनर चालक सर्वेश निवासी तिर्वा कन्नौज ने बताया कि वह टोल प्लाजा पर फास्टैग की वजह से रुके थे। तभी पीछे से महोबा डिपो की बस आकर टकरा गई। बस चालक अजय कुमार और परिचालक अजयपाल ने बताया कि अचानक ब्रेक नहीं लगे और बस ट्रक से जा टकराई। वह महोबा से मथुरा सवारियां लेकर जा रहे थे। चालक-परिचालक को भी मामूली चोट लगी।

### हादसे में यह लोग हुए घायल

ट्रक में पीछे से महोबा डिपो की बस टकराने की वजह से करीब 10 से अधिक यात्री घायल हुए। घायलों में मिजार्पुर के रहने वाले शंभू दयाल, नम्रता चतुवेर्दी निवासी मैनपुरी, 16 वर्षीय लवकुश निवासी इंदरगढ कन्नौज, रोडवेज के मैकेनिक सोनू, राम–जानकी, रितिक, पूनम और दीपक सहित 10 लोग घायल हुए। सभी को सीएचसी से उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, किसी को गंभीर चोट नहीं लगी थी।

### क्या बोले प्रभारी निरीक्षक

प्रभारी निरीक्षक बेवर ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर पहुंच कर जांच की गई। किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं लगी थी। बस और ट्रक चालक की ओर से किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं गई है। दोनों समझौते के बाद वहां से चले गए।

# योगी जी, मैं जिंदा हूं! भाई ने मृत दिखाकर हड़पी संपत्ति

लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप, भाई ने राजस्व अभिलेखों में मृत दिखाया

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** योगी जी, मैं जिंदा हूं, मैं अभी मरा नहीं हूं। फिर भी मेरे भाई ने सारी संपत्ति हड़पने के लिए खतौनी विरासत के कागजों में मुझे मृत दर्शाकर अपने नाम में दर्ज करा ली। यह व्यथा गुरुवार को तहसील आए एक व्यक्ति ने अपने जिंदा होने का सबूत देकर एसडीएम के समक्ष रखी। उसने मामले में लेखपाल की भूमिका पर भी सवाल उठाए।



करहल तहसील क्षेत्र के गांव धोबई निवासी हेमराज का कहना है कि उसके पिता रामेश्वर दयाल की मृत्यु हो चुकी है। हेमराज ने राजस्व टीम पर आरोप लगाते हुए कहा कि टीम ने मोटी रकम लेकर गलत तरीके से हेमराज को मृत दिखा दिया और पिता की सारी संपत्ति रामू के नाम कर दी है, जबकि वह आज भी जीवित है। उसने आरोप लगाया कि उसके भाई रामू ने क्षेत्रीय लेखपाल के साथ सांठगांठ कर संपत्ति विरासत में दर्ज कर दी है।

**एसडीएम ने सौंपी तहसीलदार को जांच-** पीड़ित ने एसडीएम के सामने खुद के जिंदा खड़े होने की बात कहते हुए शिकायती पत्र दिया। एसडीएम सुनिष्ठा सिंह ने मामले की जांच तहसीलदार को सौंपी है। तहसील में मामला सामने आने पर चर्चा का विषय बना रहा। वहीं तहसील की राजस्व टीम पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

# अप्रैल में ही जून जैसी तपिश 42 डिग्री के पार पहुंचा पारा

अगले 3 दिन और झुलसाएगी गर्मी, तेज धूप करेगी परेशान



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** अप्रैल माह में ही जिले में जून जैसी तपिश ने लोगों को परेशान कर दिया है। शनिवार को अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी उछलकर 24.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।

आलम यह है कि सुबह 10 बजे के बाद से ही आसमान से आग बरस रही है। भीषण गर्मी के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है। दोपहर में मुख्य सड़कों पर आवागमन कम दिखाई दे रहा है। दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों तक आसमान पूरी तरह साफ रहने और धूप का असर बढ़ने का अनुमान जारी किया है। कहा है कि तापमान में अभी और इजाफा होगा, जिससे लू का प्रकोप और अधिक घातक हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोगों को अधिक मात्रा में तरल पदार्थ लेने और दोपहर 12 से 4 बजे के बीच अनावश्यक बाहर न निकलने की सलाह दी है। बच्चों और बुजुर्गों को गर्मी से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

# ऑपरेशन दहनह्ल के तहत करोड़ों के मादक पदार्थ खाक

किशनी पुलिस ने की एक करोड़ के मादक पदार्थ पर कार्रवाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**किशनी/मैनपुरी।** जनपद में मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर बड़ा संदेश दिया है। शनिवार को ऑपरेशन दहन के तहत थाना किशनी में एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जब्त भारी मात्रा में नशीले पदार्थों को विधिवत नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई में करीब एक करोड़ रुपये कीमत का 331.538 किलोग्राम मादक पदार्थ भस्म कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक मैनपुरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के दौरान गांजा, चरस, डायजापाम सहित अन्य नशीले पदार्थों को ग्रीन हाउस वेस्ट मैनेजमेंट प्रा. लि. की भस्मक भट्टी में जलाकर पूरी तरह नष्ट किया गया। यह पूरी प्रक्रिया जनपदीय डीडीसी कमेटी की अनुमति और उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। पुलिस द्वारा बताया गया कि एनडीपीएस एक्ट से जुड़े 28 अभियोगों में जब्त किए गए इस माल को दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी कर मौके पर प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद अधिकारियों की निगरानी में विनष्टीकरण कराया गया। इस दौरान सीओ सिटी संतोष कुमार और थाना प्रभारी किशनी छत्रपाल सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### अपराधियों का टूटेगा मनोबल

पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई न सिर्फ अपराधियों के मनोबल को तोड़ती है, बल्कि समाज में नशे के खिलाफ सख्त संदेश भी देती है। अभियान आगे भी जारी रहेगा। 331.538 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट इस कार्रवाई से साफ है कि मैनपुरी पुलिस नशे के कारोबार पर पूरी तरह शिकंजा कसने के मूड में है।

## जनगणना कार्य को शिक्षको ने काली पट्टी बांधकर किया

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** नगर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे जनगणना 2027 के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षको ने काली पट्टी बांधकर प्रतिभाग किया।

संगठन के आबाहन पर काली पट्टी साकेतिक प्रदर्शन करते हुये प्रबल प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि सेवारत शिक्षकों पर टीईटी लागू करना उनके वर्षों की सेवा और अनुभव का उपहास है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के 20 साल बाद एक परीक्षा के माध्यम से योग्यता का आकलन करना अनुचित है। इस मौके पर नवीन सक्सेना, महेंद्र शाक्य, शैलेंद्र कुमार, अर्जेश मिश्रा, अनुराग कुमार, मनीष राजपूत, अर्पित यादव, कैलाश कुशवाह, फूल सिंह, कुलदीप राजपूत, विनीता पाल, सविता, गरिमा राठौर, रूचि सक्सेना, श्वेता पाठक, चित्रा कठेरिया, आरती, मीरा वर्मा, गीता, स्वाति सिंह, जयकिशोर, राम श्याम, अरविंद, सुरेंद्र, महेंद्र, सर्वेश कुमार, पुष्पेंद्र चौहान, प्रवीन, मो. बसीम, दिनेश आदि मौजूद थे।

## बकरी बांधने को लेकर महिला से मारपीट

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** बकरी बांधने के विवाद को लेकर युवक ने महिला से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम अरस सराय निवासी फूलन देवी पत्नी अशोक ने थाना पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि गत दिवस अमनेश पुत्र स्व. गंगादीन की बकरियां उसके घर मे घुस आयी थीजब उसने बकरियां बांधने को कहा तो अमनेश ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी और सिर में धारदार हथियार से प्रहार कर दिया जिससे बह गम्भीर रूप से घायल हो गई।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महाविद्यालय में मानव श्रृंखला

मोर्निंग सिटी संवाददाता


**भोगांव/मैनपुरी।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रचार-प्रसार को लेकर शनिवार को महाविद्यालय में छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर समर्थन जताया। इस दौरान मिस्ड कॉल अभियान के माध्यम से भी अधिनियम के पक्ष में भागीदारी दर्ज कराई गई। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रचार अभियान के तहत शनिवार को स्थानीय महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने मोबाइल नंबर 9667173333 पर मिस्ड कॉल कर अधिनियम के प्रति अपना समर्थन दर्ज कराया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. एस.के. निमेष कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि महिला जनप्रतिनिधियों के माध्यम से समाज में विकास योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू किया जा सकेगा।

इस मौके पर डॉ. एम.के. आनंद, प्रो. रणवीर सिंह, डॉ. फतेह सिंह, डॉ. अवधेश सिंह, डॉ. राजेश सिंह चौहान, डॉ. कौशलेंद्र दीक्षित, डॉ. वंदना सक्सेना, डॉ. आशुतोष, सुषांत कुमार, डॉ. मुनिराज, मो. सैफ, डॉ. आनंद मोहन, डॉ. कीर्ति गुप्ता, डॉ. नेहा शाक्य, डॉ. शिवानी दुबे, डॉ. अनंत कुमार, प्रतिपाल, डॉ. सीमा सक्सेना, प्रबल प्रताप, प्रदीप कुमार, विशाल यादव, विनय कुमार, पंकज दीक्षित, काजल कश्यप, संजय सक्सेना, अवधेश शुक्ला, जयवीर, जितेंद्र, ब्रजेश कुमार, अमित, सुरेश चंद्र, अभय कुमार, अभिनव भटनागर, अनीस मोहन आदि मौजूद थे।

## रिटायर्ड वृद्ध संग्रह अमीन पर हमला करके किया घायल

दबंगों ने बिना वजह से वृद्ध को सरे राह पीटा, पुलिस ने वृद्ध का कराया मेडिकल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**बिछवा/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव जगतपुर में एक सेवा निवृत्त राजस्व संग्रह अमीन को शुक्रवार को शाम दो दबंग शराबियों ने मारपीट कर घायल कर दिया है मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया है। गांव जगतपुर निवासी महेश दत्त तिवारी पुत्र विद्याराम मैं तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम उनके वृद्ध पिता विद्या राम तिवारी उम्र 97 वर्ष जो राजस्व विभाग से सेवानिवृत है। छड़ी के सहारे सड़के किनारे से गुजर रहे थे तभी गांव निवासी दो दबंग युवक दुष्यंत पुत्र नरेंद्र सिंह शिवेंद्र पुत्र देव सिंह वहां मोटरसाइकिल से आए और पिताजी की छड़ी छीन कर उपवाह करने लगे। विरोध किया तो उनके पिता को मारपीट कर घायल कर दिया पिता ने आवाज लगे तो वह दौड़े मौके पर पहुंचे तो उनके साथ में मारपीट कर दी। दबंग ने मारपीट के साथ जान से मारने की धमकी भी है। मामले की तहरीर पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है घायल का मेडिकल कराया है।

# मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करें अधिकारी

संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने करहल में सुनीं शिकायतें

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**मैनपुरी।** डीएम अंजनी कुमार सिंह ने तहसील करहल में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन-समस्याएं सुनने के दौरान उपस्थित अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पूर्ण गुणवत्ता के साथ हो जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है, आमजन को संचालित योजनाओं के लाभ के साथ उनकी समस्याओं का निदान तत्काल किया जाये।

उन्होने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर से प्राप्त शिकायत का स्वयं संज्ञान लें, प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं प्रत्येक शिकायत को देखें, यथासंभव मौके पर जाकर समस्या का निदान करायें, जिन शिकायतों का अधीनस्थों द्वारा निस्तारण किया जाये, उनकी निस्तारण आख्या पढ़ने के बाद शिकायतकर्ता से वार्ता करें, शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने के उपरांत ही निस्तारण आख्या अपलोड की जाये। उन्होने कहा कि जन-समस्याओं का समयबद्ध, गुणवत्तापरक निदान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं, इसलिए सभी अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस, जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के प्रति संवेदनशील रहकर कार्य करें, कोई भी शिकायती प्रार्थना पत्र निर्धारित समय-सीमा के उपरांत अनिस्तारित न रहे।

### शिकयत सुनने के दौरान यह रहे मौजूद

इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.सी. गुप्ता, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी शिवम मिश्रा, उप जिलाधिकारी सुनिष्ठा सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय सिंह चौहान, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चन्द्र, जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# देश को लव जिहाद की आग में नहीं जलने देगा विहिप

## जिस भाषा में समझेगा जिहादी उसी में देंगे कड़ा प्रत्युत्तर: राजेश

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**अलीगढ़।** विकृत जिहादी मानसिकता के विरुद्ध विश्व हिंदू परिषद एवं युवा इकाई बजरंग दल हरिगढ़ विभाग का विशाल विरोध धरना प्रदर्शन रामलीला मैदान , अचलताल पर किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे विश्व हिंदू परिषद। ब्रजप्रांत के प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार ने जिहादी मानसिकता के विरुद्ध उग्रता से प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं को अपने उद्बोधन में बताया जिहादी युवक युवतियों के माध्यम से टीसीएस जैसी अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक फैले धर्मांतरण व लव जिहाद की अनवरत कि टीसीएस नासिक में षड्यंत्र के उजागर होने के बाद पूरी दुनिया अचंभित है। उच्च पद पर एक विधर्मी के बैठते ही किस प्रकार वह अधिक से अधिक संख्या में अपने जिहादी मानसिकता के सहयोगियों को भर्ती कर लेता है और उसके बाद अनेक हिंदू लड़के और लड़कियों को अपने षड्यंत्र का शिकार बनाता है, यह अत्यंत गंभीर व चिंतनीय है। उनको इस्लामिक तौर तरीका सिखाना, नमाज पढ़ने के लिए मजबूर करना, प्रतिबंधित मांस खिलाना और जबरन धर्मांतरण करना घोर आपत्तिजनक है।

आज संपूर्ण विश्व त्रस्त है और इससे मुक्ति का उपाय चाहता है। पत्रकार जगत में भी इस प्रकार के षड्यंत्र सामने आ रहे हैं । अगर कोई इन विषयों को रोक लगाना चाहता है और जिहादियों से कोई संबंध नहीं रखना चाहता तो अब उसे इस्लामिक फोबिया से त्रस्त नहीं कहा जा सकता। संपूर्ण विश्व का सभ्य समाज इस जिहादी षड्यंत्र से बचने के लिए छटपटा रहा है और इसके लिए उपाय भी कर रहा है। सभी राजनीतिक दल अपने राजनीतिक दायरे से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हितों की चिंता करें। टीसीएस षड्यंत्र की जांच एनआईए कर रहा है, इससे स्पष्ट है कि अब यह एक राज्य का विषय नहीं है अपितु, एक राष्ट्रव्यापी षड्यंत्र बन चुका है। इसको रोकने के लिए अब केंद्र सरकार को भी आगे आकर सख्त से सख्त कदम बढ़ाना चाहिए।

? उन्होंने कहा कि अवैध धर्मांतरण विरोधी राष्ट्रव्यापी कानून बनाना चाहिए और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा देश के समक्ष उपस्थिति इस चुनौती का प्रभावी मुकाबला करना चाहिए। कार्यक्रम में ब्रजप्रांत समरसता प्रमुख आलोक याग्निक, प्रान्त मीडिया प्रमुख प्रतीक रघुवंशी, महानगर उपाध्यक्षा गीता मित्तल ने भी अपने विचार रखे। महानगर मंत्री मयंक कुमार ने मंच संचालन किया। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ब्रजप्रांत समरसता प्रमुख आलोक याग्निक, प्रान्त मीडिया प्रमुख प्रतीक रघुवंशी, प्रान्त सुरक्षा प्रमुख केदार सिंह, अतरौली खैर के संयुक्त जिला संगठन मंत्री अशोक कुमार, मातृशक्ति प्रतिमा वार्ष्णेय, महानगर मंत्री मयंक कुमार, सहमंत्री इंद्रपाल, जितेंद्र आर्य, मुकेश बिंदी, बजरंगदल महानगर संयोजक। दीपक राजपूत, सह अमित शर्मा, दीपेंद्र जादौन, करन चौधरी, भूपेंद्र सिंह, खैर मंत्री चंद्रशेखर तोमर, उपाध्यक्ष ऋषि कुमार, खैर सह मंत्री सूरज चौधरी, अतरौली मंत्री असीम शर्मा, योगेश वार्ष्णेय, महेश वर्मा, मनोज राजपूत, शिवम पंडित, अनुज गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# नवागत एसपी ग्रामीण ने पाली किया निरीक्षण



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** शनिवार को नवागत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मनीष कुमार मिश्रा ने क्षेत्राधिकारी छर्रा कमलेश कुमार के साथ पाली मुकीमपुर थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क का विशेष रूप से जायजा लिया।

एसपी मनीष कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि जन शिकायतों और विभिन्न विवेचनाओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान कानून व्यवस्था, क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति, महिला सुरक्षा और आम जनमानस की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे और हर मामले में तेजी व पारदर्शिता बरती जाए। थाना निरीक्षण के दौरान स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने उन्हें वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। स्थानीय लोगों ने इस निरीक्षण का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था और बेहतर होगी।

# विस्तारित योजना से सड़क-नाली निर्माण को मिलेगी रफ्तार

## 30 से 55 मीटर तक बढ़ा सड़क निर्माण, संशोधित आगणन तैयार



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** शहर में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देवसैनी क्षेत्र के गोकुलेश पुरम में सड़क एवं नाली निर्माण का दायरा बढ़ा दिया गया है। पहले जहां लगभग 30 मीटर लंबाई में कार्य प्रस्तावित था, वहीं अब क्षेत्रीय आवश्यकता एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे बढ़ाकर 55 मीटर कर दिया गया है।

नगर निगम निर्माण विभाग के अनुसार, प्रारंभिक चरण में 30 मीटर लंबाई में नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के लिए लगभग 3.70 लाख रुपए का आगणन तैयार किया गया था। लेकिन स्थानीय स्थिति, जल निकासी की समस्या और नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए अब विस्तारित योजना के तहत 55 मीटर लंबाई में नाली व सड़क निर्माण के लिए संशोधित आगणन करीब 7.12 लाख रुपए का तैयार किया गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि विस्तारित कार्य से क्षेत्र में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा और आवागमन भी सुगम होगा। प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति दिलाकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। नगर निगम द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए, जिससे आमजन को दीर्घकालिक लाभ मिल सके। स्थानीय लोगों ने भी प्रस्तावित विस्तार का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में सकारात्मक पहल बताया है।

# बीच शहर में बड़ी लूट: छत काटकर घर में घुसे बदमाश परिवार को बंधक बनाकर ले गए लाखों का सामान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** ताजनगरी के एत्मादुद्दौला थाना क्षेत्र के नगला छदामी में देर रात हुई लूट की वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी। 6-7 बदमाशों का गिरोह सुनियोजित तरीके से एक घर में घुसा और परिवार को हथियारों के बल पर बंधक बनाकर बड़ी लूट को अंजाम देकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने के लिए पहले से पूरी रेकी कर रखी थी। देर रात जब पूरा इलाका सो रहा था, तभी बदमाश घर की छत पर पहुंचे और उसे काटकर अंदर घुस गए।

अंदर पहुंचते ही उन्होंने घर में सो रहे परिवार के सदस्यों को जगा दिया और तमंचे दिखाकर सभी को एक जगह बैठा दिया। परिवार के लोगों में दहशत फैल गई और कोई भी विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सका। सूत्रों के अनुसार, जब एक सदस्य ने विरोध करने की कोशिश की तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे बाकी लोग और डर गए। इसी दौरान गिरोह के अन्य साथी दरवाजा खोलकर अंदर आ गए और पूरे घर को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद बदमाशों ने करीब एक घंटे तक आराम से घर की तलाशी ली। बदमाशों ने अलमारी, बक्से और अन्य जगहों को खंगालते हुए सोना-चांदी के आभूषण, नकदी और फैक्ट्री से जुड़ा कीमती सामान समेट लिया। अनुमान है कि करीब 30 किलो से ज्यादा सोना-चांदी और अन्य सामान बदमाश अपने साथ ले गए। वारदात के दौरान परिवार को लगातार हथियारों के बल पर बंधक बनाकर रखा गया, जिससे वे किसी को सूचना नहीं दे सके। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश आसानी से फरार हो गए। सुबह जब आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई तो इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया और जांच शुरू कर दी। एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पुलिस टीम को जरूरी निर्देश दिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। आसपास के क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। लगातार हो रही चोरी और लूट की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में डर और गुस्से का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न पर सख्ती, एक लाख तक जुर्माना

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** शहर में गाड़ियों में लगने वाले तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है। परिवहन विभाग ने साफ कहा है कि ऐसे उपकरण लगाना और बेचना दोनों ही कानून के खिलाफ है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) आलोक कुमार ने बताया कि अगर कोई वर्कशॉप या गैराज ऐसे साइलेंसर या हॉर्न लगाते हुए पकड़ा जाता है तो उस पर एक लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। वहीं, जिन वाहन मालिकों ने अपनी गाड़ी में इस तरह का बदलाव कराया है, उन्हें छह महीने तक की जेल या जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति ऐसी गाड़ी सड़क पर चलाता है जिससे तेज आवाज या प्रदूषण होता है, तो उस पर 10 हजार रुपये तक का चालान, लाइसेंस निलंबन और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जा सकता है। हाल ही में 17 अप्रैल को जिले में चार वर्कशॉप की जांच की गई और तीन गाड़ियों पर कार्रवाई भी की गई। अधिकारियों ने सभी गैराज संचालकों को चेतावनी दी है कि वे ऐसे अवैध काम तुरंत बंद करें। परिवहन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी गाड़ियों में मॉडिफाइड साइलेंसर या प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल न करें, नहीं तो कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।



# श्री हरि विष्णु के अवतार भगवान परशुराम जी की महाआरती



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** श्री हरि विष्णु के अवतार भगवान परशुराम जी के अवतरण दिवस पर महानगर में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और इसी क्रम में संत सानिध्य में ब्राह्मण सेवा संस्थान के तत्वावधान में भगवान परशुराम जी की महा आरती का भव्य दिव्य आयोजन एवं समाज के बुजुर्गों के सम्मान का कार्यक्रम अक्षय तृतीया पर किया जा रहा है। वहीं इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी और पूर्व सूचना देते हुए महाआरती के आयोजक और मुख्य संयोजक दीपक दीक्षित ने एक प्रेस वार्ता में सर्व समाज के लोगों को आशीर्वाद लेने के लिए आमन्त्रित किया और कहा कि ये कार्यक्रम झम्मन लाल कंपाउंड आगरा रोड पर साढ़े पांच बजे रखा गया है।मुख्य संयोजक दीपक दीक्षित ने कहा कि इस कार्यक्रम के संयोजक अमित उपाध्याय रिंकू,सहसंयोजक अनुज उपाध्याय गडराना और विनीत सारस्वत पानखानी होंगे जबकि संत सानिध्य भगवान परशुराम जी की महा आरती के भव्य और दिव्य आयोजन के बाद समाज के बुजुर्गों के सम्मान का कार्यक्रम भी सुनिश्चित है।


# अलीगढ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बंदोबस्त लगातार जारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। रेलवे स्टेशन अलीगढ़ जक्शन पर पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली कि ओर से आने वाली सभी गाड़ियों मे सामन्य से अधिक भीड़ के चलते सहायक सुरक्षा आयुक्त अलीगढ के निर्देशन मे,उपनिरीक्षक धीरज हमराह स्टाफ, व कमर्शियल स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से स्टेशन पर मौजूद रहकर आने जाने वाली गाड़ियों को सकुशल पास कराते हुए यात्रियों को सुववस्थि तरीके से गाड़ियों मे बैठाया जा रहा है, साथ ही गाड़ियों को सकुशल पास कराया जा रहा है। बंदोबस्त लगातार जारी है वर्तमान में 13/00 बजे तक रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट अलीगढ़ पर भीड़ की स्थिति सामान्य है।

# एसएसपी ने बन्टी की हत्या के प्रकरण में 10 हजार का ईनाम किया घोषित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा 15 अक्टूबर 2024 को खैर रोड नादा चौराहे के निकट बंटी कुमार पुत्र गंगाराम उम्र लगभग 28 वर्ष, निवासी प्रिंस नगर, कालोनी, मोलवी नगला, थाना देहली गेट की हत्या के प्रकरण में आम जनमानस से सहयोग की अपील की गई है। एसएसपी ने बताया कि मृतक बन्टी कुमार की हत्या करने वाले व्यक्ति की सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा और सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति घटना के संबंध में एसएसपी अलीगढ़- 9454400247, एसपी सिटी अलीगढ़- 9454401011, सीओ प्रथम-9454401239, पीएस रोरावर-9454402785 एवं विवेचक-9058206561 को दूरभाष पर या उपस्थित होकर सूचना दे सकते हैं।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में सपा का प्रदर्शन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** लाल डिग्गी बिजलीघर पर समाजवादी पार्टी (सपा) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर तत्काल हटाने और पुराने मीटर दोबारा लगाने की मांग की। सपा महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली विभाग का निजीकरण कर कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन मीटरों से उपभोक्ताओं के बिजली बिल दोगुने से भी अधिक आ रहे हैं। घोसी ने यह भी कहा कि कई मामलों में खाते में पैसा होने के बावजूद बिजली काट दी जाती है और बिजली जोड़ने के नाम पर रिश्वत मांगी जाती है। घोसी ने चेतावनी दी कि जब तक पूरे अलीगढ़ से स्मार्ट मीटर नहीं हटाए जाते, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर बिजलीघर पर ताला भी लगाया जाएगा, भले ही इसके लिए मुकदमे झेलने पड़ें। सपा महानगर उपाध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि स्मार्ट मीटर से आम जनता, विशेषकर गरीब वर्ग बुरी तरह प्रभावित है। उन्होंने दावा किया कि पहले जहां 100 रुपये का बिल आता था, अब वह हजारों रुपये तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों को महीने में कई बार बिल भरना पड़ रहा है और आर्थिक बोझ बढ़ गया है। यादव ने यह भी उल्लेख किया कि बिल जमा करने के बावजूद बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं है और उपभोक्ताओं को कई दिनों तक बिजलीघर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सपा नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह धरना तब तक जारी रहेगा जब तक प्रशासन स्मार्ट मीटर हटाने और पुराने मीटर लगाने का आश्वासन नहीं देता। प्रदर्शन के दौरान योगी मोदी मुदार्बाद और बिजली विभाग हाय हाय जैसे नारे भी लगाए गए।

# वेट वेस्ट ड्राई मशीनों का महापौर व नगर आयुक्त ने किया रवाना

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**अलीगढ़।** शनिवार को महापौर प्रशान्त सिंघल व नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने संयुक्त रूप से रामघाट रोड अहिल्या बाई होल्कर स्टेडियम के पास इन दोनों मशीनों को रवाना करते हुए अपने समक्ष मशीनों को रामघाट रोड पर चलवाकर इनकी कार्य क्षमता व कार्य प्रणाली को भी चेक किया।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने मशीनों की तकनीकी जानकारी के संबंध में बताया कि वेट और ड्राई सक्शन मशीनें नकारात्मक दबाव (वैक्यूम) बनाकर काम करती हैं, जिससे हवा, धूल, कचरा या तरल पदार्थ को खींचकर एक कलेक्शन कंटेनर में इकट्ठा किया जाता है। ये केवल ड्राई वैक्यूम से अलग होती हैं क्योंकि इनमें दो स्तरीय फिल्ट्रेशन या अलग करने वाली प्रणाली होती है, जो मोटर को तरल से होने वाले नुकसान से बचाती है आमतौर पर इसमें ठोस पदार्थ एक बैग में अलग हो जाते हैं, जबकि तरल पदार्थ नीचे वाले टैंक में जमा हो जाते हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि इन मशीन की मदद से शहर के ऐसे मार्ग व एरिया जो कच्चे है जिनकी सफाई व कचरा उठाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है उन स्थानों पर ये दोनों मशीन बेहद कारगार साबित होगी। नगर आयुक्त ने बताया आधुनिकता के इस दौर में नगर निगम की सफाई व्यवस्था को भी अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कराये जाने के लिए इन मशीनों को क्रय किया गया है इन दोनों मशीनों को अर्बन कम्पनी को हैंडओवर करने के उपरांत नियमित रुप से शहर के प्रमुख मार्गों पर चलवाया जाएगा।

महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की प्रेणा से अलीगढ़ नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है निश्चित रूप से सफाई व्यवस्था में इन दोनों मशीनों के आने से काफी राहत मिलेगी आने वाले दिनों में और मशीनों को सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाये जाने के ये क्रय किया जाएगा।

# फार्मर आईडी बनवाना जरूरी, योजनाओं का लाभ पाने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य–जिलाधिकारी की अपील

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे अपनी फार्मर आईडी जरूर बनवाएं, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जिनकी फार्मर रजिस्ट्री पूरी होगी।



शनिवार को तहसील सदर में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर प्रेस वार्ता करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री के लिए विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। इन कैंपों में किसान आसानी से अपनी फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो किसान अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाए हैं, उन्हें भविष्य में सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। इसलिए सभी किसान समय रहते अपनी रजिस्ट्री अवश्य कराएं। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि यह सुविधा गेहूं क्रय केंद्रों पर भी उपलब्ध है, जहां किसान भाई जाकर अपनी फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इन कैंपों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और किसी भी प्रकार की देरी न करें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों के लिए आवश्यक प्रक्रिया है, जिससे उन्हें योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा।

# जनगणना 2027 की तैयारियां तेज, मकान सूचीकरण के लिए प्रशिक्षण शुरू

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। प्रशिक्षण के माध्यम से संबंधित कार्मिकों को जनगणना कार्य की बारीकियों, प्रक्रियाओं और जिम्मेदारियों से अवगत कराया जा रहा है, ताकि कार्य पूरी सटीकता और पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके।

जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व प्रमोद कुमार ने खैर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण सत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने डीपीसी केंद्र एवं गुरुकुल में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लेते हुए प्रतिभागियों से संवाद स्थापित किया और उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक गतिविधियों में से एक है, जो भविष्य की नीतियों और योजनाओं की आधारशिला तय करती है। प्रशिक्षण सत्र में प्रगणकों और सुपरवाइजरों को मकान सूचीकरण की प्रक्रिया, घर-घर जाकर जानकारी संकलन, डेटा की शुद्धता बनाए रखने, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा गोपनीयता के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। अधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि प्रत्येक प्रविष्टि का सही और पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसी के आधार पर विभिन्न सरकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। प्रमोद कुमार ने निर्देश दिए कि सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और फील्ड में कार्य करते समय निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि से बचना जरूरी है। साथ ही उन्होंने यह भी जोर दिया कि आमजन से संवाद करते समय विनम्र व्यवहार बनाए रखें और उनकी सहभागिता सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से कार्य की समझ विकसित कराई। जनगणना 2027 के इस प्रथम चरण के सुचारु संचालन के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है और समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

# एएमयू के म्यूजियोलॉजी विभाग ने विश्व धरोहर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के म्यूजियोलॉजी विभाग द्वारा विश्व धरोहर दिवस 2026 के अवसर पर सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण के महत्व पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), आगरा सर्किल की अधीक्षक डॉ. स्मिता एस. कुमार ने मुख्य वक्तव्य में ताजमहल के विशेष संदर्भ के साथ विश्व धरोहर स्थलों के प्रबंधन पर प्रकाश डाला और संरक्षण की प्रक्रियाओं, साइट मैनेजमेंट योजना तथा धरोहर सुरक्षा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की।

जीव विज्ञान संकाय के डीन प्रो. नफीस अहमद खान ने मुख्य अतिथि के रूप में धरोहर जागरूकता को बढ़ावा देने में शोध एवं जनसंपर्क गतिविधियों के महत्व को रेखांकित किया। इससे पूर्व, प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव प्रो. अब्दुर्रहीम के. ने सामाजिक विकास में धरोहर की भूमिका और संरक्षण से जुड़े चल रहे शोध प्रयासों पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत म्यूजियम क्लब के सहयोग से एक आउटरीच गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसमें स्कूली बच्चों को मूसा डाकरी संग्रहालय का मार्गदर्शित भ्रमण कराया गया, ताकि उनमें धरोहर संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित की जा सके। कार्यक्रम का समापन संयोजक डॉ. दानिश महमूद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जबकि इसका समन्वय डॉ. अमीजा जरीन ने किया।

## छोटी खबरें

### आंगनवाड़ी सहायिकाओं के 680 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी, 533 पदों पर चयन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** जनपद में आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त 680 पदों के लिए जारी भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में 19 नवंबर 2025 को विज्ञप्ति जारी की गई थी, जिसमें ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई थी।भर्ती के लिए कुल 2834 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों को पोर्टल से डाउनलोड कर शासनादेश में निर्धारित मानकों के आधार पर जांच की गई। पात्र अभ्यर्थियों में से वरीयता के आधार पर दो–दो अभ्यर्थियों को चयन समिति के समक्ष मूल अभिलेखों के सत्यापन के लिए निर्धारित तिथियों पर बुलाया गया।सत्यापन के उपरांत योग्य पाए गए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। 680 केंद्रों के सापेक्ष 533 केंद्रों पर अभ्यर्थियों का चयन हो सका, जबकि 147 केंद्रों पर पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलने के कारण पद रिक्त रह गए।चयनित अभ्यर्थियों की सूची जिला कार्यक्रम कार्यालय, संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालयों तथा विकास खंड स्तर पर चस्पा कर दी गई है। जल्द ही चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय द्वारा दी गई।

### हाथरस में सुरक्षा प्रशिक्षण व रोजगार शिविरों का आयोजन 20 अप्रैल से

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** जनपद के विभिन्न विकास खंडों में सुरक्षा प्रशिक्षण एवं रोजगार से जुड़े शिविरों का आयोजन 20 अप्रैल से किया जाएगा। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि कमांडेंट क्षेत्रीय प्रशिक्षण अकादमी, नई दिल्ली के पत्र के क्रम में भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद, नई दिल्ली तथा एसआईएस (इ) लिमिटेड कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में यह पहल की जा रही है।उन्होंने बताया कि इन शिविरों में अभ्यर्थियों का पंजीकरण कर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविरों का आयोजन अलग–अलग विकास खंड मुख्यालयों पर निर्धारित तिथियों में किया जाएगा।खंड विकास कार्यालय मुरसान में 20 व 21 अप्रैल, सहपऊ में 22 व 23 अप्रैल, हसायन में 24 व 25 अप्रैल, सासनी में 27 व 28 अप्रैल, सिकोन्द्रा राऊ में 4 व 5 मई, सादाबाद में 6 व 7 मई तथा हाथरस में 8 व 9 मई 2026 को शिविर आयोजित होंगे।प्रभारी अधिकारी ने अपील की है कि ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को इन शिविरों की जानकारी दी जाए। इसके लिए ग्राम प्रधानों को व्हाट्सएप समूह या एडीओ (पंचायत) के माध्यम से सूचित कर सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण के साथ रोजगार के अवसर मिल सकें।

### 9 मई को दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत, लंबित मामलों का होगा निस्तारण

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** दीवानी न्यायालय परिसर में 9 मई 2026 (शनिवार) को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि इस लोक अदालत में आपसी सुलह–समझौते के आधार पर लंबित मुकदमों का निस्तारण किया जाएगा।उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक मामलों का समाधान हो सके। साथ ही, उन्होंने वादकारियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।अपर जनपद न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनु चौधरी के अनुसार, लोक अदालत में बैंक संबंधी मामले, धारा–138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, वसूली वाद, प्रि–लिटिगेशन प्रकरण सहित सभी सुलह योग्य आपराधिक वाद, सिविल वाद, भूमि अधिग्रहण, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, पारिवारिक, स्टाम्प, उपभोक्ता फोरम, राजस्व, चकबंदी, श्रम, नगर पालिका टैक्स, विद्युत अधिनियम के वाद, उत्तराधिकार, बीमा, सेवा/वेतन, किरायेदारी एवं अन्य शमनीय मामलों का निस्तारण किया जाएगा।इसके अलावा पुलिस अधिनियम, मोटर यान अधिनियम, दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम, आबकारी, गैम्बलिंग एक्ट, नगर पालिका चालान, मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, जलकर–गृहकर, आपदा राहत, कराधान तथा राशन कार्ड, जाति व आय प्रमाण पत्र से जुड़े मामलों को भी लोक अदालत में सुलझाया जाएगा।

### नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** विद्यापीठ इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशन में नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत नारी विभूति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन और शौर्य पर आधारित प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंजीनियर के.सी. शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नारी सशक्तिकरण आज की प्रमुख सामाजिक आवश्यकता है और समाज का समग्र विकास तभी संभव है, जब महिलाओं को समान अधिकार, अवसर और सम्मान मिले।प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं शिक्षा की नींव और संस्कृति की संरक्षक हैं। उन्होंने बताया कि आज की महिलाएं घर के साथ–साथ कॉर्पोरेट और तकनीकी क्षेत्रों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, जो एक स्वस्थ समाज का संकेत है।कार्यक्रम में छात्राओं ने नाटक और गीतों के माध्यम से वीरांगना लक्ष्मीबाई के साहस को जीवंत किया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के उत्साह से गूंज उठा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं और स्टाफ मौजूद रहे।

### बिजली बिलों से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन, स्मार्ट मीटर हटाने की मांग



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** गांव अजरोई के ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तहसील प्रशासन को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।शनिवार को बड़ी संख्या में तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनके घरों में सीमित बिजली उपयोग—जैसे एक पंखा और एलईडी बल्ब—के बावजूद स्मार्ट मीटर हजारों रुपये का बिल दिखा रहे हैं। ग्रामीणों ने इसे आर्थिक उत्पीड़न बताते हुए कहा कि इतने अधिक बिलों का भुगतान करना उनके लिए संभव नहीं है।शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने मांग की कि वर्तमान में लगे स्मार्ट मीटरों को तत्काल हटाया जाए और उनकी जगह पुराने मीटर रीडिंग वाले मीटर लगाए जाएं या फिर मासिक शुल्क के आधार पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।विरोध करने वालों में शीतल सिंह, राकेश सिंह, अनिल कुमार, श्यौराज सिंह, देवा सिंह, जगपाल सिंह, मलि खान सिंह, मीना, सविता, पूजा देवी, प्रमोद सिंह, सोमवती देवी, भूरा, रवि, कोमल सिंह, तेजवीर सिंह, देशराज सिंह, मंजू देवी शर्मा, ओमी देवी और सुंदरलाल शर्मा सहित अनेक ग्रामीण शामिल रहे।उपजिलाधिकारी नीरज शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों से प्राप्त प्रार्थना पत्र पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के लिए 19 अप्रैल को लखनऊ से चलेगी विशेष ट्रेन



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय की पहल पर सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री सोमनाथ महादेव स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 19 अप्रैल को लखनऊ से गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर के लिए विशेष एसी ट्रेन रवाना होगी।यात्रा पूरी तरह निःशुल्क है, जिसका संचालन संस्कृति मंत्रालय और भारतीय रेलवे के समन्वय से किया जा रहा है।

प्रदेश के प्रत्येक जिले से 10 श्रद्धालुओं और एक अधिकारी सहित लगभग 750 से अधिक लोग इस यात्रा में शामिल होंगे। चयनित श्रद्धालु 18 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेंगे, जहां उनके ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई है।ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश से गुजरात तक यात्रा का खर्च राज्य के संस्कृति विभाग द्वारा वहन किया जाएगा, जबकि गुजरात में आवास, भोजन और परिवहन की व्यवस्था वहां का पर्यटन विभाग करेगा।इस अवसर पर सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने तथा प्राचीन इतिहास से जुड़े स्मरणीय प्रसंगों के तहत देशभर में स्वाभिमान पर्व भी मनाया जा रहा है।हाथरस से चयनित श्रद्धालुओं को तहसील स्तर पर विदाई दी गई, जहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और यात्रा सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने श्रद्धालुओं का स्वागत कर सफल यात्रा की कामना की।

## तालाब चौराहा पर प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** शहर के तालाब चौराहा पर शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा।कार्यकताओं ने ज्ञापन में देश में बढ़ती सामाजिक चुनौतियों और अवैध गतिविधियों पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व सुनियोजित तरीके से समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में कड़ी कार्रवाई की मांग भी उठाई।ज्ञापन में जबरन धर्मांतरण के मामलों पर रोक, महिलाओं के शोषण से जुड़े प्रकरणों में सख्त कार्रवाई, सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने, खान-पान से जुड़ी घटनाओं की जांच तथा कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी मांगें शामिल रहीं।प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने विभिन्न नारे लिखी तख्तियां लेकर विरोध जताया और प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध त्वरित व कठोर कार्रवाई की मांग की, ताकि कानून व्यवस्था और सामाजिक सद्भाव बना रहे।राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजबहादुर ने प्राप्त किया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर योगेन्द्र कृष्ण नारायण और शहर कोतवाल सतेंद्र राघव भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सासनी में चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार; 4 लाख के आभूषण बरामद

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** थाना सासनी क्षेत्र के ग्राम जलालपुर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए चांदी के आभूषण शत-प्रतिशत बरामद करने का दावा किया है, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई गई है।जानकारी के अनुसार वादी सुरेश कुमार पुत्र देवीराम निवासी ग्राम जलालपुर ने 17 अप्रैल 2026 को थाना सासनी में शिकायत दी थी कि 8 मार्च 2026 को उसके घर में ताला तोड़कर चोरी की गई। घटना की जानकारी उसे 16 अप्रैल को हुई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक रामानन्द कुशवाहा के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना सासनी पुलिस ने टीम गठित कर मामले की जांच की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 18 अप्रैल 2026 को सासनी रोड स्थित स्पर्श कोल्ड के पास से आरोपी विकास पुत्र हाकिम सिंह निवासी ग्राम जलालपुर को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने आरोपी के पास से 12 जोड़ी पाजेब, 17 जोड़ी बिछुआ और एक कौदनी तगड़ी (सफेद धातु) बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने शौक पूरे करने के लिए चोरी करना कबूल किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक विपिन चौधरी सहित थाना सासनी पुलिस टीम की भूमिका रही।

## 6 साल के बेटे से बिछुड़ी मां, ससुराल पक्ष पर मारपीट व बच्चे को छीनने का आरोप

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। शहर के खोड़ा हजारी क्षेत्र की रहने वाली ममता ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसका 6 साल का बेटा उससे छीन लिया गया है, जिसके लिए वह दर-दर भटकने को मजबूर है।ममता के अनुसार उसकी शादी 4 दिसम्बर 2024 को मथुरा निवासी सचिन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में गाड़ी की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि कई बार उसके साथ मारपीट भी की गई।पीड़िता का कहना है कि ससुराल वालों ने मारपीट करते हुए उसके बच्चे को जबरन छीन लिया और उसे घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं, आरोप है कि दबाव बनाकर उसका वीडियो भी बनाया गया, जिसमें उससे जबरन तलाक की बात कबूल कराई गई।ममता ने बताया कि उसने इस संबंध में हाथरस के महिला थाने में शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता ने प्रशासन से अपने बच्चे को वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## हाईवे पर खुला नाला बना हादसों की वजह, कार फंसी तो लगा जाम



मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर विभागीय लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सड़क किनारे बने नाले पर स्लैब न होने के कारण एक चलती कार का पहिया नाले में जा फंस गया, जिससे काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। गनीमत रही कि कार चालक सुरक्षित बच गया।जानकारी के अनुसार कार अलीगढ़ की ओर से सासनी की तरफ आ रही थी। सासनी क्षेत्र में प्रवेश करते ही चालक ने आगे चल रहे वाहन को बचाने की कोशिश की, तभी कार का पहिया सड़क किनारे खुले नाले में जा धंस गया। घटना के बाद राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात बाधित हो गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले पर स्लैब न होने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है और इसकी शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यहां आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं, खासकर रात में अंधेरे के कारण खतरा और बढ़ जाता है।काफी मशक्कत के बाद लोगों की मदद से कार को नाले से बाहर निकाला गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नाले पर स्लैब नहीं डाली गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## गदाखेड़ा में विवाहिता का शव फंदे पर मिला, मायके पक्ष का हंगामा





मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** सासनी क्षेत्र के गांव गदाखेड़ा में करीब 20 वर्षीय एक विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई, वहीं सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए और आक्रोश जताया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका रेनू की शादी करीब दो वर्ष पूर्व गांव निवासी विक्की के साथ हुई थी।

बताया जाता है कि विवाहिता की अभी कोई संतान नहीं थी। शनिवार दोपहर अज्ञात कारणों के चलते उसने घर के अंदर फांसी लगा ली, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लिया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। उधर, मायके पक्ष के लोग सासनी कोतवाली पहुंच गए और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।प्रभारी निरीक्षक विपिन चौधरी ने लोगों को समझाकर शांत कराया और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।पुलिस ने बताया कि अभी तक मायके पक्ष की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विहिप बैठक में धर्मांतरण व लव जिहाद पर सख्त कानून की मांग

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** प्रखंड सासनी में विश्व हिंदू परिषद की एक बैठक दयानंद बाल विद्यालय में आयोजित की गई, जिसमें धर्मांतरण और तथाकथित लव जिहाद के मुद्दों पर चर्चा करते हुए सख्त कानून बनाने की मांग उठाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष डॉ. अमित भार्गव ने कहा कि इन विषयों पर गंभीरता से कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ संगठित समूहों द्वारा सुनियोजित तरीके से ऐसे मामलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही युवतियों को सतर्क रहने की सलाह भी दी गई। बजरंग दल के संयोजक अंकित उपाध्याय और सहसंयोजक विक्की कुशवाहा ने कहा कि इन मामलों को रोकने के लिए मौजूदा कानूनों को और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए, ताकि दोषियों में भय बना रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष योगेश वार्ष्णेय ने की, जबकि संचालन प्रखंड मंत्री जगदीश प्रसाद शर्मा ने किया। बैठक में विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और संगठन की ओर से समाज में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दौरान विद्याभूषण गर्ग, हेमंत कौशल, सचिन भार्गव, जयपाल सिंह कुशवाह, जितेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाथरस में आबकारी विभाग का अभियान, शराब दुकानों का औचक निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश और जिलाधिकारी के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जनपद में आबकारी विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में शराब दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

संयुक्त टीम ने भगवन्तपुर, जलेसर अड्डा, मंडी समिति और सासनी क्षेत्र की देशी व कंपोजिट मदिरा दुकानों पर पहुंचकर स्टॉक का मिलान किया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को पीओएस मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।अभियान के दौरान आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन अलीगढ़ प्रभार आशुतोष दुबे, आबकारी निरीक्षक हाथरस सदर क्षितिज कुमार तथा आबकारी निरीक्षक सासनी अच्छे लाल मिश्र अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# डंपर पर गिरी हाईटेंशन लाइन, हेल्पर की मौत, चालक गम्भीर

मोर्निंग सिटी संवाददाता





**कासगंज।** जनपद के सहावर-शहबाजपुर मार्ग पर बोदर के पास शनिवार की सुबह दर्दनाक हो गया, 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन टूटकर एक डंपर पर गिर गई।

हादसे में डंपर के कंडक्टर की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

जानकारी के अनुसार आरजे 05 जीसी 0200 नंबर का डंपर बदरफुट लेकर लाला ईंट भट्ठा के पास पहुंचा था। बदरफुट खाली करने के बाद जैसे ही चालक ने डंपर को आगे बढ़ाया, तभी ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन अचानक टूटकर वाहन पर गिर गई। तार गिरते ही डंपर में करंट दौड़ गया और कुछ ही क्षणों में उसमें आग लग गई। हादसे के दौरान ड्राइवर ने किसी तरह डंपर से कूदकर अपनी जान बचा ली, लेकिन वह गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं कंडक्टर डंपर के भीतर ही फंसा रह गया और आग की लपटों में घिरकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि कंडक्टर का शव पूरी तरह जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कासगंज भेज दिया। घायल ड्राइवर की पहचान एटा के जलेसर निवासी वीरेश कुमार के रूप में हुई है, जबकि मृतक कंडक्टर आरिफ पटवारी नगला रामपुर का निवासी बताया गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

# पेड पर फंदा का फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

## मृतक ने घटना लेकर सोशल नेटवर्किंग पर वीडियो किया अपलोड





मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के घिनौना गांव में एक युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक ने आत्महत्या करने से पहले अपनी घटना को लेकर सोशल नेटवर्किंग पर वीडियो अपलोड भी किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। युवक की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार की सुबह घिनौना गांव के बाहर पेड़ पर एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटके होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही ढोलना इंस्पेक्टर जगदीशचंद्र मय पुलिस बल के मौके पर पहुंच गए। मृतक की शिनाख्त 30 वर्षीय राम बाबू पुत्र चंद्रपाल निवासी घिनौना के रूप में हुई। मृतक का शव गांव गढ़ी निवासी लक्ष्मीनारायण के खेत की मेड पर खड़े सूखे बेलपत्र के पेड पर बने फंदे से लटका हुआ था। पास में ही मृतक का मोबाइल व देशी शराब का क्वार्टर पड़ा हुआ है। एक खाली स्टिंग की बोतल, एक नमकीन का पाउच भी पड़ा था। आत्महत्या करने से पूर्व युवक ने अपनी फेस बुक आईडी पर आत्म हत्या करने के संबंध कथन भी किया है। फील्ड यूनिट ने साक्ष्य संकलित किए हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# विहिप व बजरंग दल ने शहर में किया जोरदार प्रदर्शन, निकाला जुलूस

मोर्निंग सिटी संवाददाता




कासगंज। शहर में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के बैनर तले विभिन्न हिंदू संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। शहर के प्रभू पार्क में एकत्रित हुए कार्यकताओं ने जुलूस निकालते हुए कासगंज तहसील पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

प्रदर्शनकारियों ने अपने ज्ञापन में देश में बढ़ रही सामाजिक और आपराधिक घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ गतिविधियां देश के सामाजिक ताने-बाने और आपसी सौहार्द को प्रभावित कर रही हैं, जिन पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। संगठनों का आरोप है कि विभिन्न स्थानों पर अवैध कब्जों और संगठित तरीकों से समाज में तनाव फैलाने की कोशिश की जा रही है। ज्ञापन में लव जिहाद, अवैध धर्मांतरण और सरकारी व सार्वजनिक भूमि पर कब्जों जैसे मुद्दों को भी उठाया गया। कार्यकताओं ने कहा कि वन भूमि, रेल विभाग और रक्षा से जुड़ी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिंता का विषय हैं। उन्होंने इन मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठनों ने राष्ट्रपति से अपील की कि ऐसे मामलों में कठोर कानून बनाए जाएं और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही जनजातीय और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने की भी मांग रखी गई। विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन के वरिष्ठ मंत्री नकुल चैधरी ने कहा, ह्लदेश में हो रही घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। सरकार को चाहिए कि इन मामलों में सख्त कदम उठाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे।ह्व प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हिन्दू वादी संगठन के विभाग संगठन मंत्री विनय राज पन्नू ने कहा, ह्लअवैध गतिविधियों और समाज विरोधी तत्वों पर रोक लगना बेहद जरूरी है। इसके लिए मजबूत कानून और प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता शांतिपूर्वक लौट गए। प्रशासन ने ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौपने वालो में प्रांत सह धमार्चार्य प्रमुख जगदीश प्रसाद विरथरे एटा विभाग संगठन मंत्री नकुल चैधरी ,विभाग मंत्री विनराज माहेश्वरी, विभाग संयोजक अमरीष वशिष्ठ, गोविंद महेरे प्रमोद साहू नवीन सक्सेना विनोद कुशवाह सत्येंद्र सिंह वैभव उपाध्याय राज दिवाकर ओंकार सैनी शिवा सैनी आदि सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# मंदिर में खड़ी देव प्रतिमाओं को आराजक तत्वों ने किया खंडित, ग्रामीणों में रोष



**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** शहर कोतवाली क्षेत्र में मोहनपुरा के समीप नगला पीपल गांव के मंदिर में रखीं देव प्रतिमाओं को बीती रात अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। घटना की जानकारी पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया। पुलिस ने मौका मुआयना कर लोगों से पूरे मामले की जानकारी ली है और अराजक तत्वों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शनिवार की सुबह नगला पीपल गांव के माता मंदिर में रखीं देव प्रतिमाओं को खंडित किए जाने की जानकारी ग्रामीणों ने दी। जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर प्रवेश राणा, मोहनपुरा चैकी इंचार्ज मय पुलिस बल के पहुंच गए। मंदिर पर ग्रामीण एकत्रित थे और घटना को लेकर नाराजगी जता रहे थे। पुलिस ने लोगों से बातचीत कर उन्हें शांत किया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी और ब्लॉक प्रमुख यशवीर राजपूत भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों से संयम बरतने की अपील करते पुलिस से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। मंदिर पर एहतियात के तौर पर पुलिस तैनात कर दी गई है। पुलिस आरोपियों को तलाशने में जुट गई है।

# पुलिस ने चैकिग के दौरान बाइक चोरों को किया गिरफ्तार



**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में वाहन चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चैहान के नेतृत्व में थाना कासगंज पुलिस द्वारा रात्रि में चैकिंग के दौरान 03 मोटर साइकिल चोर जिसमें अभि0गण समीर पुत्र सामिल निवासी राजो वाली गली जामा मस्जिद थाना कासगंज, एलफैज पुत्र एजाज निवासी मौ0 पठानान थाना जलेसर जनपद एटा, ईमरान गुलाम नवी पुत्र मौ0 नवी निवासी राजो वाली गली जामा मस्जिद थाना कासगंज जनपद कासगंज को धानमील रोड दुर्गा कालोनी से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। जिनके कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल व अभि0गण की निशादेही पर चोरी की हुई एक मोटर साइकिल के पार्टस बरामद किये गये हैं । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभि0गण के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया हैं ।

# अवैध देशी शराब के 21 क्वार्टर समेत अभियुक्त गिरफ्तार

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** एसपी ओ0पी0 सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर आँचल चैहान के नेतृत्व में थाना सोरों पुलिस ने चैकिंग के दौरान मकसूदाबाद तिराहे के पास स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास से अभियुक्त नरेश कुमार पुत्र टीकम सिंह निवासी सलेमपुरबीबी थाना सोरों जनपद कासगंज को 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना सोरों पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी है।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने व बलात्कार में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** एसपी ओ0पी0 सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभि0गण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सुन्नगढ़ी पर पंजीकृत पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त बन्टू पुत्र महावीर निवासी वमनपुरा थाना सुन्नगढ़ी जनपद कासगंज को क्षेत्राधिकारी सहावर शाहिदा नसरीन के नेतृत्व में थाना सुन्नगढ़ी पुलिस द्वारा उसके मस्कन से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# अमांपुर पुलिस ने अवैध शराब के 20 क्वार्टर समेत युवक को किया गिरफ्तार

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** एसपी ओ0पी0 सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी सहावर शाहिदा नसरीन के नेतृत्व में देर सायं थाना अमांपुर पुलिस द्वारा 01अभियुक्त अरविन्द पुत्र झब्बू सिंह निवासी ग्राम परतापुर थाना अमांपुर जनपद कासगंज को ग्राम देवपुर बीरपुर तिराहा के पास से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है ।अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अमांपुर पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है।

# सड़क पार रहे व्यक्ति को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र में सड़क पार करते समय एक व्यक्ति को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और शिनाख्त के बाद परिजनों को हादसे से अवगत कराया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार की दोपहर ढोलना क्षेत्र में मोहम्मदपुर के निकट दुर्घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि व्यक्ति सड़क पार कर रहा था, तभी बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त के प्रयास किए। मृतक की शिनाख्त 46 वर्षीय ब्रजेश पुत्र रमेश निवासी अरहरपुर थाना अमांपुर के रूप में हुई। लोगों ने बताया कि ब्रजेश ने गांव मोहम्मदपुर पर एक दुकान की जगह ली है, जिसमें काम चल रहा था। काम खत्म होने पर ब्रजेश चाली देने दुकान पर जा रहा था, तभी कासगंज की तरफ से गुजर रही बाइक ने टक्कर मार दी। सूचना के बाद परिजन भी विलाप करते हुए पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मृत भाई बहनों के परिजनों को चार-चार लाख के सौपे चेक

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** आंधी के दौरान हुए हादसे में जान गंवाने वाले सगे भाई बहन के परिजनों को दैवीय आपदा राहत कोष के तहत चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा ने गांव गजौरा पहुंचकर धनराशि के प्रतीकात्मक चेक मृतकों के पिता अशोक कुमार को सौंपे हैं। बता दें कि गत तीन अप्रैल 2026 को गंजडुंडवारा ब्लॉक क्षेत्र के नवादा गांव के पास आंधी के दौरान पेड़ की भारी डाल टूटकर बाइक सवारों पर गिर गई थी, इसमें संजू और उसकी बहन आरती की मौत हो गई थी। प्रशासन की ओर से दैवीय आपदा राहत कोष से मदद के लिए कार्रवाई की गई। इसके बाद विधायक ने गांव पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और आर्थिक मदद की जानकारी दी। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक के निलंबन के विरोध में किया प्रदर्शन, सौपा ज्ञापन

**मोर्निंग सिटी संवाददाता पटियाली।** विद्यालय में आंगनवाडी में पढ़ने वाले बच्चे के बंद होने के मामले में हुए शिक्षक के निलंबन के विरोध में शनिवार को प्रदर्शन किया गया और शिक्षक के बहाल करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। बता दें कि गत दिवस प्राथमिक विद्यालय नगला टीका में शिक्षकों की लापरवाही से आंगनवाड़ी में पढ़ने वाला बच्चा विद्यालय में बंद हो गया था। इस मामले में शिक्षक कृष्णवीर सिंह निलंबित किए गए। निलंबित शिक्षक को बहाल कराने को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अमित द्विवेदी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन किया। निलंबन को बहाल करने की मांग को लेकर एबीएसए को ज्ञापन भी सौंपा है। एबीएसए राज कुमार सिंह ने सही जांच कर मामले में निलंबित शिक्षक की मदद का भरोसा दिया है। इस दौरान अरविंद यादव, रीतेश शर्मा, संत भूपेन्द्र गौतम समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस की सख्त कार्यवाही

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा रोडवेज बस स्टेण्ड एवं राजकोल्ड तिराहा कासगंज क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाना, गलत दिशा में वाहन चलाना, बिना फिटनेस वाहन संचालन, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, मालवाहक वाहनों में सवारियां ले जाना तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में तहसील सहावर में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजनतहसील सहावर में 56 प्रार्थना पत्र प्राप्त, 05 मौके पर ही निस्तारित



मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। जिलाधिकारी प्रणय सिंह व पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने तहसील सहावर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर आम जनमानस की समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापरक एवं निष्पक्ष निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिससे पीड़ितों को पूर्ण संतुष्टि मिले। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी के समक्ष इस अवसर पर अधिक धनराशि के बिजली के बिल आने, विधवा व वृद्वावस्था पेंशन न मिलने, राशन कार्ड बनवाने, भूमि की पैमायश कराने, अवैध कब्जा हटवाने, राजस्व, भूमि विवाद, उत्पीड़न, आपसी विवाद आदि से सम्बंधित 56 प्रार्थना प्रत्र प्राप्त हुये। जिनमें से 05 प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त हुई शिकायतों व समस्याओं के प्रभावी व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील में उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक, अधिशाषी अभियंता विद्युत एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तथा सीओ, तहसीलदार, समस्त क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिले की अन्य दोनों तहसील कासगंज एवं पटियाली में अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा विभागीय अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रार्थना पत्रों को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

## पुलिस ने शव भेजा पोस्टमार्टम, शिनाख्त के प्रयास जारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज। थाना ढोलना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में लगभग 20 वर्षीय अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मथुरा-कासगंज रेलवे ट्रैक पर पोल संख्या 250द्द19 और 250/20 के बीच युवक का शव सिर विहीन अवस्था में पड़ा मिला है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की सूचना शनिवार की सुबह करीब 9 बजे कृष्णकांत लोधी के माध्यम से पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस हरकत में आ गई। चैकी प्रभारी बिलराम अवधेश कुमार भदौरिया तुरंत मौके पर पहुंचे, जिसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश चंद्र ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार हादसा बेहद भीषण था। युवक का सिर धड से अलग था। शरीर के अंग आसपास बिखरे पड़े थे। मृतक ने लाल रंग का लोअर, गेरुआ रंग की टी-शर्ट (जिस पर काले अक्षरों में अंग्रेजी का एम अंकित था), सफेद बनियान और काले रंग का चित्तीदार अंडरवियर पहन रखा था। युवक का शरीर दुबला-पतला बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया आशंका जताई जा रही है कि युवक ने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या की हो सकती है, हालांकि पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। घटना के कारण कुछ समय के लिए रेल यातायात प्रभावित हुआ और एक पैसेंजर ट्रेन को मौके पर रोकना पड़ा, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य कर दी गई। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा आसपास के थानों को सूचना भेजी गई है और युवक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।72 घंटे के लिए शव को पोस्टमार्टम गृह में सुरक्षित रखवा दिया है।

# शोभा यात्रा की परमिशन न मिलने से बाबा साहब के अनुयायियों में आक्रोश



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज/सिढपुरा।** दशकों से कस्बा वासी बाबा साहब की जयंती एवं शोभा यात्रा निकालने से वंचित रहे हैं आपको बता दें बाबा साहब के अनुयाई जब भी कस्बा में डॉक्टर अंबेडकर जयंती पर कोई भी कार्यक्रम या शोभायात्रा निकालने की परमिशन जिला प्रशासन से लेते हैं तो जिला प्रशासन से जुड़े हुए अधिकारी उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करते हैं तथा यह कहकर टाल देते हैं कि पहले की परमिशन दिखाओ और थाना स्तर से नेगेटिव रिपोर्ट लगाते हुए उच्च अधिकारियों को सूचना प्रेषित कर देते हैं जिससे कस्बा में रहने वाले बाबा साहब के अनुयायियों की भावनाओं को खासी ठेस पहुंच रही है अनुयाइयों ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे में महर्षि कश्यप जयंती, अहिल्याबाई होलकर जयंती एवं हनुमान जयंती जैसे कार्यक्रम की परमिशन विगत कुछ वर्षों से ही जारी की गई है एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार भारत रत्न बाबा साहब के सम्मान में बड़े-बड़े वादे करती है तथा अपने एजेंडे में पूरा अप्रैल जयंती माह के रूप में मनाती है और सूबे के मुखिया प्रत्येक बाबा साहब की प्रतिमा पर बाउंड्री बाल एवं छतरी लगाने की बात करते हैं वही जिला प्रशासन अनुयाइयों तथा उनकी भावनाओं के साथ भेदभाव पूर्वक रवैया अपनाता हैं आपको बता दें इस बार भी 23 अप्रैल को कस्बा में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा के लिए परमिशन डाली गई थी जिसको थाना स्तर से नेगेटिव रिपोर्ट लगाते हुए उप जिलाधिकारी को भेजी है। अब देखना बड़ा दिलचस्प होगा की जिला प्रशासन कस्बा वासियों की भावनाओं पर ध्यान रखते हुए परमिशन स्वीकृत करेगा या नहीं फिलहाल अनुयाइयों में खासी मायूसी है।

# जनपदीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## नगर अध्यक्ष अपनी कमेटियों को करें सक्रिय, हर व्यापारी को संगठन से जोड़ें-राजेंद्र गुप्ता

मोर्निंग सिटी संवाददाता




कासगंज। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में रेलवे रोड स्थित श्री गंगादेवी धर्मशाला में विराट जनपदीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन शुक्रवार देर शाम संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में व्यापारियों के हितों पर चर्चा के साथ-साथ संगठन के विस्तार और प्रशासनिक व सामाजिक हस्तियों के सम्मान पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री और भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। बैठक की समीक्षा करते हुए प्रदेश महामंत्री ने जनपद के सभी नगर अध्यक्षों को संगठन को और अधिक गतिशील बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी है कि वह हर छोटे-बड़े व्यापारी को संगठन से जोड़ें। जब हमारी कमेटियां जमीनी स्तर पर मजबूत होंगी, तभी हम व्यापारियों की समस्याओं को सरकार के समक्ष और अधिक प्रभावी ढंग से रख पाएंगे। उन्होंने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा व्यापारियों के हित में लिए जा रहे निर्णयों की भी जानकारी साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र वार्ष्णेय ने व्यापारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जनपद में किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन हर विषम परिस्थिति में व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

उन्होंने सम्मेलन की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि इतनी भारी संख्या में व्यापारियों की उपस्थिति यह सिद्ध करती है कि संगठन का आधार निरंतर बढ़ रहा है। सम्मेलन के दौरान एक विशेष सत्र में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कोठीवाल थोक व्यापारी कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और उनकी पूरी कमेटी को मंच पर प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पूरे सदन ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही, व्यापार मंडल ने पुलिस-प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय की मिसाल पेश करते हुए कोतवाली सदर इंस्पेक्टर प्रवेश राणा एवं यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह का फूल-मालाएं पहनाकर और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया। व्यापारियों ने सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था में उनके योगदान की सराहना की। इस विशाल सम्मेलन में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिरकत की, जिनमें मुख्य रूप से रमेश साहू, उमाशंकर भारद्वाज, अभिनव गुप्ता, सिद्धार्थ चैधरी, संजीव सिसोदिया, डा. मौ. फारूक, गोपाल माहेश्वरी, संजीव मराठा, अनूप गुप्ता, जितेन्द्र वार्ष्णेय, किशोर अग्रवाल, सौरभ वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, डा. विकास गुप्ता, अमित वार्ष्णेय, विनय राज पन्नू, अरविन्द वार्ष्णेय, अंशुल अग्रवाल, पवन यादव, मोनू वार्ष्णेय, अनीता उपाध्याय एवं दीप्ती माहेश्वरी, विनोद गुप्ता, बी डी राणा, विवेक वार्ष्णेय, विजय गुप्ता, राजू गुप्ता, डॉ. भूदेव सिंह शामिल रहे।

## छोटी खबरें

### रवि सिंह तोमर करणी सेना के जिलाध्यक्ष नियुक्त



**मोर्निंग सिटी संवाददाता जसवंतनगर (इटावा)।** नगर क्षेत्र के कोठी कैस्त निवासी रवि सिंह तोमर को करणी सेना का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन द्वारा उनकी सक्रियता और सामाजिक कार्यों में भागीदारी को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि रवि सिंह तोमर अपने दायित्वों का निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत करेंगे तथा समाज हित में कार्य करेंगे। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिंतेंद्र शीलू तोमर, अजय चौहान, अजय तोमर, अनुरुद्ध मोनू दुबे, रमन तोमर, शैलेंद्र तोमर और प्रताप तोमर सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**मोर्निंग सिटी संवाददाता जसवंतनगर (इटावा)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग भतीजी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार 15 अप्रैल को गांव में एक शादी समारोह आयोजित था, जिसमें एक युवक भी शामिल हुआ था। आरोप है कि युवक ने अपनी मोटरसाइकिल पीड़ित के घर पर खड़ी की और देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच उसकी 15 वर्षीय भतीजी को अपने साथ ले गया। सुबह घर लौटने पर किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़ित का यह भी आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी के परिजनों से शिकायत की तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई, जिसके चलते वह तत्काल पुलिस के पास नहीं जा सके। बाद में वह भतीजी को लेकर थाने पहुंचे और तहरीर दी। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म के प्रयास और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### अहेरीपुर में शाम होते ही बिजली कटौती से लोग परेशान

**मोर्निंग सिटी संवाददाता अहेरीपुर (इटावा)।** विद्युत वितरण उपखंड महेवा से जुड़े कस्बा अहेरीपुर में इन दिनों अंधाधुंध बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। गर्मी की शुरूआत के साथ ही बिजली आपूर्ति की समस्या और बढ़ गई है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार गेहूं की कटाई के चलते सुबह करीब नौ बजे से दोपहर तीन-चार बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहती है। इसके बाद शाम करीब पांच बजे बिजली आती है, लेकिन छह बजे के बाद हर आधे घंटे में ट्रिपिंग शुरू हो जाती है, जो रात नौ बजे तक जारी रहती है। इस दौरान हर आधे घंटे में लगभग पंद्रह मिनट की कटौती की जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि समस्या को लेकर खुलकर शिकायत करने में भी डर लगता है। आरोप है कि शिकायत करने पर अगले महीने अनियमित रूप से अधिक बिल थमा दिया जाता है, जिसके सुधार के लिए उन्हें अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं ने जनपद के उच्च अधिकारियों और उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री से मांग की है कि गर्मी के इस मौसम में शाम के समय हो रही अनियंत्रित बिजली कटौती से राहत दिलाई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर 228 वाहनों का चालान

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कानपुर देहात।** सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से जनपद पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के तहत कुल 228 वाहन चालकों का मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान किया गया। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान में बिना नंबर प्लेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल राइडिंग, हेलमेट न पहनने, ओवरलोडिंग और अवैध खनन से जुड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान जिले में अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया। साथ ही वाहन चालकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### अपराधियों के खिलाफ अभियान तेज, वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कानपुर देहात।** जनपद में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई लोगों के खिलाफ विधिक कदम उठाए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 17 अप्रैल 2026 को चलाए गए अभियान के दौरान थाना रूरा पुलिस ने वर्ष 2004 के एक मामले में वांछित वारण्टी अभियुक्त मान सिंह निवासी सुमेरपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की। इसके अलावा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने 18 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की। इनमें थाना रूरा क्षेत्र से चार, सिकंदरा से दो, डेरापुर से एक, शिवली से एक, मूसानगर से दो, सट्टी से दो, मंगलपुर से एक, बरौर से दो और रसूलाबाद से तीन व्यक्तियों का बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कानपुर देहात।** त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के वृहत पुनरीक्षण कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत व नगरीय निकाय) कपिल सिंह ने संशोधित समय-सारिणी जारी करते हुए अधिकारियों को इसे समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लागू करने के निर्देश दिए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाताओं के डुप्लीकेशन निराकरण एवं कम्प्यूटरीकरण की प्रक्रिया 21 अप्रैल से 28 मई 2026 तक चलेगी। इसके बाद कम्प्यूटरीकरण उपरांत कार्यवाही, जिसमें मतदान केंद्रों का क्रमांकन, वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन तथा मतदाता सूची का डाउनलोड और फोटो प्रतियां तैयार करना शामिल है, 29 मई से 9 जून 2026 तक संपादित की जाएगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 जून 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि आमजन को इसकी जानकारी मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनरीक्षण अवधि के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाशों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे और कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार ही होगा। किसी भी स्थिति में समय-सीमा में विस्तार नहीं किया जाएगा। जिले के मतदाताओं से अपील की गई है कि वे पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करें और अपनी निर्वाचक नामावली से संबंधित विवरणों का सत्यापन अवश्य कर लें।

### माटीकला कारीगरों को 10 लाख तक ऋण, रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कानपुर देहात।** माटीकला से जुड़े कारीगरों और उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। जिला खादी ग्रामोद्योग विभाग के अनुसार योजना में लाभार्थी को परियोजना लागत का केवल 5 प्रतिशत स्वयं अंशदान करना होगा, जबकि 25 प्रतिशत तक की राशि मार्जिन मनी के रूप में अनुदान दी जाएगी। शेष धनराशि बैंक के माध्यम से ऋण के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के कारीगरों को लाभ मिलेगा। योजना के लिए 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के वे अभ्यर्थी पात्र हैं, जिन्होंने कम से कम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की हो तथा माटीकला या शिल्पकला से संबंधित प्रशिक्षण या पारंपरिक ज्ञान रखते हों। इसके तहत सुराही, कुल्हड़, गिलास, जग, खिलौने और अन्य घरेलू उपयोग की वस्तुएं बनाने वाले कारीगर आवेदन कर सकते हैं। लाभार्थियों को ऋण के साथ सात दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे अपने उद्योग को बेहतर तरीके से संचालित कर सकें। इच्छुक अभ्यर्थी माटीकला बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश कुमार अग्निहोत्री ने अधिक से अधिक पात्र लोगों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## सिकंदरा में आंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी, भाजपा नेताओं ने रखे विचार



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**सिकंदरा (कानपुर देहात)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के मानपुर में बाबा भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल और राज्य मंत्री अजीत पाल ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष और संविधान निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहब ने समाज में समानता और अधिकारों के लिए संघर्ष किया। राज्य मंत्री अजीत पाल ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने वंचित और पिछड़े समाज को सम्मान दिलाने के लिए जीवनभर कार्य किया। उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहब के विचारों और उनके योगदान पर चर्चा की तथा उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर महामंत्री सुमित दिवाकर, अखिलेश सोनकर, राकेश तिवारी, क्रांतिवीर सिंह, मोहित दुबे, विनय तिवारी, राजन शुक्ला, उमेश बाबू कुशवाहा, कुलदीप सिंह, अजय दीक्षित, विकास मिश्रा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 10 रुपये किराये पर ऑटो चालक का तांडव

**नशे में महिलाओं से मारपीट, चलती गाड़ी से धक्का देकर किया घायल**



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया इलाके में शनिवार को 10 रुपये किराये को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक घटना में बदल गया। आरोप है कि नशे में धुत ऑटो चालक ने महिलाओं के साथ अभद्रता और मारपीट की तथा चलती ऑटो से एक महिला को धक्का दे दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित महिलाओं के अनुसार ऑटो चालक नशे की हालत में तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। किराये को लेकर हुए विवाद के बाद जब महिलाओं ने ऑटो रोकने की बात कही तो चालक ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गया। इस दौरान आरोप है कि उसने रूबी बेगम नामक महिला को चलती ऑटो से धक्का दे दिया, जिससे उसका हाथ टूट गया। घटना के बाद शोर सुनकर कुछ बाइक सवारों ने ऑटो का पीछा किया, लेकिन चालक ने भागने के प्रयास में दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे वे भी घायल हो गए। बाद में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और आक्रोशित भीड़ ने ऑटो चालक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। वहीं, घायल महिलाओं और बाइक सवारों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मनरेगा कर्मियों की हड़ताल, आठ महीने से मानदेय न मिलने पर काम ठप करने की चेतावनी



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**डेरापुर (कानपुर देहात)।** विकास खंड डेरापुर में मनरेगा कर्मियों ने लंबित मांगों और पिछले आठ महीनों से मानदेय न मिलने के विरोध में आंदोलन तेज कर दिया है। ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले एकजुट कर्मचारियों ने खंड विकास अधिकारी विश्राम सिंह को ज्ञापन सौंपकर 25 अप्रैल तक सांकेतिक हड़ताल पर रहने की सूचना दी है।

कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले आठ महीने से बिना वेतन के कार्य कर रहे हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने एचआर पॉलिसी लागू करने, मानदेय में वृद्धि और लंबे समय से कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण की मांग उठाई है। प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देश पर शुरू हुआ यह आंदोलन अब ब्लॉक स्तर पर गति पकड़ रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो 26 अप्रैल को पोस्टकार्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री को अपनी समस्याएं भेजी जाएंगी। इसके बाद भी समाधान न होने पर 1 मई को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा और आंदोलन को और तेज किया जाएगा। हड़ताल के चलते मनरेगा के तहत चल रहे विकास कार्य प्रभावित होने की आशंका है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम रोजगार सेवक और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।

## चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**महोबा।** रेलवे स्टेशन पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में 36 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार चरखारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बम्होरी कलां मठाई निवासी सुनील कुमार अपनी पत्नी सरोज और 11 वर्षीय बेटे के साथ मऊरानीपुर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। परिवार महोबा रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां इंटरसिटी ट्रेन प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी। इसी दौरान ट्रेन चलने लगी।

ट्रेन छूटने के डर से सरोज ने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, लेकिन पैर फिसलने से वह प्लेटफॉर्म और पटरी के बीच गिर गईं और ट्रेन की चपेट में आ गईं। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आरपीएफ कर्मियों ने उन्हें गंभीर हालत में बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल के चिकित्सक डॉ. शिशुपाल ने बताया कि महिला को अत्यंत गंभीर अवस्था में लाया गया था। जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद मृतका के पति और बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है। पड़ोसियों के अनुसार पूरे गां यह घटना यात्रियों के लिए चेतावनी है कि चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास जानलेवा साबित हो सकता है।व में शोक की लहर है।

## मेरा गांव मेरा इनोवेशन प्रदर्शनी के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार सम्मानित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**राजपुर (कानपुर देहात)।** ब्लॉक राजपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत महमूदपुर स्थित सुभारती इंटरनेशनल स्कूल में 15 अप्रैल को आयोजित मेरा गांव मेरा इनोवेशन विज्ञान एवं नवाचार प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने हुनर और रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों और नवाचारों ने अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन ने एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव का स्वागत कर आभार व्यक्त किया और आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में संस्था की ओर से भी विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की गई। दीक्षा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ ने भी अतिथियों का सम्मान किया तथा आगे भी इस तरह के आयोजन कराने का आग्रह किया। इस मौके पर लारैब नकवी (जिला अध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ), सुधीर यादव (जिला कोषाध्यक्ष), महेंद्र पाल (जिला उपाध्यक्ष), पवन चौहान (प्रभारी, सिकंदरा विधानसभा) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भोगनीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित, डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** तहसील भोगनीपुर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी कपिल सिंह और पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनका मौके पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। भूमि संबंधी मामलों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समन्वय के अभाव में फरियादियों को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। समाधान दिवस में जिले के विभिन्न सर्किलों के क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। प्रशासन का कहना है कि इस पहल से शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण में मदद मिलेगी।

## सीएम डैशबोर्ड योजनाओं की समीक्षा, खराब प्रगति पर वेतन रोका

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार प्रगति का परीक्षण किया और पाया कि कई विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा कर योजनाओं में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए। साथ ही योजनाओं से जुड़े आंकड़ों को समय से डैशबोर्ड पर अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में खराब प्रगति पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। वृद्धावस्था पेंशन में लंबित आवेदनों के चलते पटल सहायक बजरंग सिंह और शिवशंकर सहित संबंधित एडीओ समाज कल्याण, सामूहिक विवाह योजना में धीमी प्रगति के कारण पटल सहायक अम्बरीश त्रिवेदी तथा छात्रवृत्ति योजना में खराब प्रगति के चलते पटल सहायक राम सिंह कमल के अप्रैल माह के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी गई। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित फील्ड निरीक्षण करने और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में सभी विभागों को अगली समीक्षा तक स्पष्ट सुधारात्मक प्रगति दिखाने के निर्देश दिए गए।

## अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर सख्ती, जनपद में चला चेकिंग अभियान



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस ने अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में शनिवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई।

अभियान के दौरान अवैध खनन में संलिप्त वाहनों पर कार्रवाई की गई, वहीं ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों को चिन्हित कर उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इसके साथ ही बिना नंबर प्लेट और अवैध परिवहन में लगे वाहनों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहनों को रोककर उनकी गहन जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे और आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम रहे।

## भागवत कथा के भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, श्रद्धा से लिया प्रसाद



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**जसवंतनगर (इटावा)।** बलरई विकास नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज से पहुंचे भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

कथा के दौरान व्यास जी ने कहा कि सच्चे मन और श्रद्धा से भागवत कथा का श्रवण करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने बताया कि कथा श्रवण के बाद प्रसाद ग्रहण करने से पुण्य की प्राप्ति और अधिक बढ़ जाती है। उनके प्रवचनों को सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में परीक्षित की भूमिका मुकेश पाठक और बीना पाठक ने निभाई, जिसकी श्रद्धालुओं ने सराहना की। भंडारे के आयोजन और प्रसाद वितरण में ब्रजेश, योगेश, राकेश, विवेक, विपुल, आरती, शिवा व शिवम सहित करीब दो दर्जन लोगों ने सक्रिय सहयोग किया। पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाएं सुचारू रहीं और श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

## जसवंतनगर में आंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी, वक्ताओं ने बताए बाबा साहब के विचार

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**जसवंतनगर (इटावा)।** संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित ह्यडॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान 2026 के तहत जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में एक गार्डन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राज बहादुर यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की क्षेत्रीय मंत्री ज्योति शुक्ला मौजूद रहीं। इस अवसर पर जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री सत्येंद्र राजपूत, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष उदयवीर दोहरे, जिला उपाध्यक्ष अनूप जाटव, जिला मंत्री राजकमल यादव, संजू शाक्य, मुकेश यादव, जयशिव वाल्मीकि और सुमेर सिंह जाटव समेत कई पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष, सामाजिक योगदान और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही लोगों से उनके आदर्शों को अपनाने और समाज में समानता व न्याय स्थापित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अभिषेक मिश्रा ने किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अजय यादव बिंदु, संजय मिश्रा, दीपक नंदन जाटव, ध्रुव पाल कठेरिया, असनीत यादव, लज्जाराम प्रजापति, बटेश्वरी दयाल प्रजापति, श्रेयस मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




## नरम एहसास और प्यार से सजी है साई पल्लवी-जुनैद खान स्टारर 'एक दिन' की कहानी, ट्रेलर हुआ रिलीज़ !

### 'एक दिन' का ट्रेलर आउट-साई पल्लवी और जुनैद खान की मैजिकल लव स्टोरी ने जगाई प्यार की उम्मीद!

आमिर खान प्रोडक्शंस की आने वाली फिल्म 'एक दिन', जिसमें साई पल्लवी और जुनैद खान लीड रोल में हैं, एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली प्रेम कहानी का वादा करती है। वाकई यह एक ऐसी फिल्म है जिसका हर कोई बेसब्री से इंतज़ार कर रहा है। अपने रूहानी गानों के साथ एक शानदार माहौल बनाने के बाद, अब मेकर्स ने इसका एक दिलचस्प ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है, जो उम्मीद और जादू से भरी एक प्रेम कहानी को बेहद खूबसूरती से पेश करता है। 'एक दिन' का ट्रेलर आखिरकार आ गया है, और यह एक जादुई प्रेम कहानी से रूबरू कराता है। जुनैद खान ने एक शर्मीले और थोड़े अलग लड़के का किरदार निभाया है, जिसे साई पल्लवी से प्यार हो जाता है, जो एक खुशमिजाज और जिंदादिल लड़की है। वैसे तो वे दोनों एक ही ऑफिस में काम करते हैं, लेकिन जुनैद उससे बात करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते।
हालांकि, कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब जापान में साई का एक्सीडेंट हो जाता है और वह 'ट्रांजिएंट ग्लोबल एमनेशिया' (TGA) की शिकार हो जाती है, जिसमें उसे सिर्फ जुनैद याद रहता है, जिसने उसकी जान बचाई थी। जहाँ यह मोड़ पूरी कहानी का रुख बदल देता है, वहीं यह देखना वाकई रोमांचक होगा कि यह प्रेम कहानी कैसे आगे बढ़ती है और क्या मोड़ लेती है।
ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही यह साफ हो गया है कि एक शालीन, कोमल और दिल को छू लेने वाली प्रेम कहानी आने वाली है। यह कहानी प्यार में यकीन रखने, उम्मीद को थामे रहने और जादू के होने का इंतज़ार करने के बारे में है। निश्चित रूप से, यह एक दुर्लभ कहानी है जो लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है। 'एक दिन' के जरिए आमिर खान और फिल्म मेकर मंसूर खान एक लंबे अरसे के बाद फिर साथ आए हैं, जिससे हिंदी सिनेमा की सबसे पसंदीदा क्रिएटिव जोड़ियों में से एक फिर से जिंदा हो गई है। साथ मिलकर उन्होंने दर्शकों को 'कयामत से कयामत तक', 'जो जीता वही सिकंदर', 'अकेले हम अकेले तुम' और 'जाने तू... या जाने ना' जैसी यादगार फिल्में दी हैं। 'एक दिन' के साथ यह जोड़ी एक बार फिर रोमांस जॉनर में लौट रही है, जिससे फैंस के बीच नया उत्साह पैदा हो गया है। उनके फिर से साथ आने ने उत्सुकता बढ़ा दी है, और दर्शक उस जादू को पर्दे पर दोबारा देखने के लिए बेताब हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म 'एक दिन' में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और इसे आमिर खान, मंसूर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।




## 90 के दशक में मैगजीन मुझे और जेबा बख्तियार को एक-दूसरे के खिलाफ बताते थे प्रतिद्वंद्वी

आज के दौर में जहां सोशल मीडिया के जरिए फैंस सीधे अपने पसंदीदा सितारों से जुड़ जाते हैं, वहीं एक समय ऐसा भी था जब फिल्मी दुनिया की खबरें सिर्फ मैगजीन और अखबारों के जरिए ही लोगों तक पहुंचती थीं। उस दौर में जो छपता था, वही सच माना जाता था। 90 के दशक का बॉलीवुड इसी तरह के किस्सों से भरा हुआ है, जब सितारों के बीच की दोस्ती और रिश्तों को अक्सर अलग रंग देकर पेश किया जाता था। अब उसी दौर को याद करते हुए अभिनेत्री सोमी अली ने एक पुराना किस्सा साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें और जेबा बख्तियार को लेकर मैगजीन ने गलत छवि बनाई थी। सोमी अली ने अपने सोशल मीडिया पर एक थ्रोबैक पोस्ट शेयर करते हुए 90 के दशक की मीडिया कल्चर पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, ''उस समय सोशल मीडिया जैसी कोई चीज नहीं थी, जिससे लोग सेलिब्रिटीज की असली जिंदगी को समझ सकें। इस वजह से मैगजीन और टैब्लॉइड्स को खुली छूट मिल जाती थी और वे अपनी मर्जी से कहानियां बनाकर छापते थे। उस दौर में दर्शकों के पास कोई दूसरा जरिया नहीं होता था, जिससे वे सच्चाई जान सकें।''
अपनी पोस्ट में सोमी अली ने साल 1993 की एक खास मुलाकात का जिक्र किया, जब उनकी पहली बार जेबा बख्तियार से मुलाकात हुई थी। उन्होंने बताया, ''हम दोनों ही पाकिस्तान में जन्मी थीं लेकिन मेरा पालन-पोषण अमेरिका में हुआ था। इस समानता को आधार बनाकर उस समय की मैगजीन ने हम दोनों के बीच प्रतिस्पर्धा और टकराव की कहानी गढ़ने की कोशिश की, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग थी।'' उन्होंने कहा, 'मैगजीन की यह कोशिश कभी सफल नहीं हो पाई। असल जिंदगी में मेरे और जेबा बख्तियार के बीच कोई राइवलरी नहीं थी बल्कि हमारे बीच सम्मान और समझ का रिश्ता था। मैं आज भी उस पहली मुलाकात को अच्छे अनुभव के तौर पर याद करती हूं और मेरे मन में जेबा के लिए काफी इज्जत है।'
सोमी अली ने जेबा बख्तियार की तारीफ करते हुए कहा, ''वह बेहद खूबसूरत और अच्छी इंसान हैं। वह हमेशा खुश रहें और उन्हें जिंदगी में हर खुशी मिले।'' अगर जेबा बख्तियार की बात करें तो उन्होंने साल 1991 में रिलीज हुई फिल्म 'हिना' से पहचान हासिल की थी। इस फिल्म में उनके साथ ऋषि कपूर और अश्विनी भावे नजर आए थे। फिल्म का निर्देशन रणदीर कपूर ने किया था। भारत-पाकिस्तान की पृष्ठभूमि पर बनी इस प्रेम कहानी को दर्शकों ने काफी पसंद किया।



## रणवीर की वजह से मैं इंडस्ट्री में हूं



फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता के बाद से ही रणवीर सिंह 'टॉक ऑफ द टाउन' बन गए हैं। मूवी में दमदार एक्टिंग के लिए उनकी जमकर तारीफ हो रही है। इस बीच एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने भी उनको लेकर बड़ा बयान दिया है, जो अब चर्चाओं में है।
उन्होंने रणवीर की तारीफ करते हुए कहा, 'मेरा दिल बहुत खुश है। वो मेरे लिए लकी चार्म हैं। इसी वजह से मैं इस इंडस्ट्री में हूं। मैंने उनके साथ एक हेयर ब्रांड के लिए ऐड किया था, और जब वो ऐड टीवी पर आया... तभी फिल्ममेकर्स ने मुझे नोटिस करना शुरू किया। मैं इसका पूरा क्रेडिट उन्हें देती हूं। उन्होंने सच में मेरी बहुत मदद की है। वो बहुत पॉजिटिव इंसान हैं और उन्हें हर सफलता मिलनी चाहिए।'
उन्होंने 'धुरंधर 2' में भी रणवीर की परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए कहा, 'उनकी एक्टिंग सिर्फ ऊपर-ऊपर की नहीं थी, उसमें गहराई और कई परतें थीं। मैंने उन्हें रणवीर सिंह के रूप में नहीं देखा, सिर्फ 'हमजा' के किरदार में देखा। वो हीरो से ज्यादा एक किरदार लगे। मुझे उन पर बहुत गर्व है क्योंकि वो बहुत मेहनती हैं। मैं दुआ करती हूं कि वो जो भी करें, वो ब्लॉकबस्टर हो। वो सब कुछ कर सकते हैं।' बता दें कि मृणाल आने वाले दिनों में डकैत फिल्म में नजर आ रही हैं।



## 'गिन्नी वेड्स सनी 2' परिवारों को वापस सिनेमाघरों में लेकर आएगी


बॉलीवुड एक्टर अविनाश तिवारी और मेधा शंकर अपनी आगामी फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' में शादी के माहौल में खूब धूम मचाने वाले हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया, जिसमें रिश्तों से जुड़े भावनात्मक विषयों के साथ एक उतार-चढ़ाव भरी प्रेम कहानी दिखाई गई है। फिल्म दर्शकों को पारिवारिक माहौल में ले जाएगी, जहां परिवार, शादी, गलतफहमियां, हंसी-मजाक और चौंकाने वाले ट्विस्ट दर्शकों को हैरान कर देंगे।



## वरुण धवन के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन राकेश बेदी

**धुरंधर-2 की सक्सेस के बाद फिल्म में राजनेता 'जमील जमाली' का किरदार निभाने वाले राकेश बेदी ने नए प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेता ने अपने किरदार को लेकर की गई तैयारी पर बात की और यह भी साफ किया कि 'धुरंधर-3' नहीं आने वाली है।**

धुरंधर-2 की सक्सेस पर बात करते हुए अभिनेता राकेश बेदी ने कहा, 'फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट रही है और कमाई भी अच्छी कर रही है, लेकिन फिल्म का कॉन्सेप्ट और निर्देशन आदित्य धर का है। हमने तो कलाकार के तौर पर काम किया, जो काम हमें करने के लिए कहा गया, लेकिन असल मेहनत आदित्य धर की है।'
फिल्म धुरंधर-2 में 'जमील जमाली' के किरदार के लिए अभिनेता ने बहुत मेहनत की। उन्होंने बताया कि हर किरदार के लिए मेहनत करनी पड़ती है। जैसे हम विराट कोहली को छक्का मारते देखते हैं तो देखने में कितना आसान लगता है, लेकिन असल में ऐसा होता नहीं है। ऐसे ही हर किरदार को निभाने से पहले बहुत कुछ करना होता है। वहीं फिल्म में रणवीर सिंह को असली धुरंधर बताते हुए अभिनेता ने कहा, 'जिस तरीके से किरदार की मांग थी, सभी किरदारों ने वैसा ही रोल प्ले किया। मेरा किरदार रणवीर सिंह को बचाने का था क्योंकि अगर कोई स्पाई दूसरे देश में जा रहा है, तो कोई तो सपोर्ट करने वाला और बचाने वाला होना चाहिए।'
अपने शुरुआती करियर पर बात करते हुए राकेश बेदी ने कहा, 'मेरे पिताजी चाहते थे कि मैं आईआईटी करूं, और मैं एंट्रेंस एग्जाम भी देने पहुंचा था, लेकिन मुझे 35 सवालों में से सिर्फ सवाल नंबर 7 का उत्तर पता था। फिर लगा कि मैं यहां के लिए नहीं बना हूं, और मेरे पिता ने भी किसी तरह का जोर नहीं डाला। यही कारण है कि मैं आईआईटी को छोड़कर अभिनेता बना। मैं अपने बच्चों के साथ भी यही करता हूं, उन्हें जो करना है, वही करने की आजादी देता हूं।'
कॉमेडी से धुरंधर-2 में 'जमील जमाली' के निगेटिव को निभाने के सवाल पर अभिनेता ने कहा, 'आदित्य धर को लगा कि मैं यह किरदार कर सकता हूं, तो मुझे चुना गया। मैं वैसा विलेन नहीं बना, जैसी छवि भारतीय सिनेमा में रही है, टेढ़ी आंखें वाले, एक्शन करते हुए, लेकिन मुझे चालाक और 'मेरा बच्चा है तू' वाला विलेन बनाया गया।
अपने आगामी प्रोजेक्ट्स पर बात करते हुए अभिनेता ने बताया कि वो दो नए प्रोजेक्ट्स में दिखने वाले हैं। अभिनेता वरुण धवन की अपकमिंग फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' और प्राइम वीडियो पर आने वाली सीरीज 'राख' में दिखने वाले हैं। दोनों की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है और जल्द ही रिलीज की अनाउंसमेंट की जाएगी।



## एक्शन दिखने में जितना मजेदार लगता है, उतना ही मुश्किल भी होता है?

**वेब सीरीज 'कप्तान' में अभिनेता साकिब सलीम एक बार फिर उसी देसी, रॉ और दबंग अंदाज में नजर आ रहे हैं, जिसे ऑडियंस पहले भी पसंद कर चुकी हैं। इस सीरीज में उनके साथ सिद्धार्थ निगम और अंजुम शर्मा भी हैं। हाल ही में बातचीत के दौरान साकिब ने अपने किरदार, शो के एक्शन, सिद्धार्थ निगम के साथ सेट पर हुई मस्ती, प्रोड्यूसर के तौर पर आने वाली मुश्किलों और अपने करियर की भूख पर खुलकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में किस तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है?**

### 'कप्तान' करते हुए लगा कि चलो फिर से अपने टाइप का रोल मिला?

हां, बिल्कुल... काफी लंबे समय बाद मुझे फिर ऐसा किरदार मिला। 'रंगबाज' के बाद मुझे बहुत प्यार मिला था। उसके बाद लोगों के लगातार मैसेज आते थे कि सर, वैसा कुछ और करिए, कुछ हार्टलैंड वाला काम करिए। मैं भी जिससे मिलता था, पूछता था कि यार, कुछ है क्या ऐसा? इस शो में मुझे एकदम रॉ, करप्ट और हार्टलैंड की कहानी मिली। ऐसा किरदार मिला जिसमें भरपूर स्वैग था। मुझे इसमें बहुत मजा आया। धीरे धीरे चलने में, एक्शन करने में। हम लड़कों को एक्शन करने में बहुत मजा आता है। इस शो में तो भर भरकर एक्शन है। एक पूरे एपिसोड में तो सिद्धार्थ बस बैकफ्लिप ही मार रहा था। मैं और अंजुम एक दिन सेट पर बैठे थे। उसका एक्शन सीन चल रहा था। वह बार बार बैकफ्लिप मार रहा था, दीवार पर चढ़ रहा था, कूद रहा था। मैं और अंजुम एक दूसरे की तरफ देखकर यही सोच रहे थे कि हमसे ये सब नहीं हो पाएगा, हम तो बस गोली चलाएंगे।

### एक्शन दिखने में जितना मजेदार लगता है, क्या उतना ही मुश्किल भी होता है?

बिलकुल। देखने में तो बड़ा मजा आता है, लेकिन करने में पसीना छूट जाता है। चोट भी लगती है, ये तो तय है। मुझे भी लगी थी, सिद्धार्थ को भी। लेकिन बात ये है कि सिद्धार्थ को देखकर लगता था, अगर कोई शेर के पिंजरे में घुस जाएगा, तो लगेगी ही न। एक होता है नॉर्मल एक्शन, जो हम लोग करते हैं। बंदूक चलाई, मुक्केबाजी की। लेकिन जो वह कर रहा था, वह अलग ही स्तर का था। यहां से कूदना, वहां से छलांग लगाना, ये सब हम नहीं करने वाले। हमारा एक्शन थोड़ा जमीन पर रहता है। गाड़ी से कूद जाओ, थोड़ा भाग लो, लड़ लो, वह ठीक है।

### सेट पर सिद्धार्थ निगम की सबसे ज्यादा खिंचाई किस बात पर हुई?

एक दिन शूट के दौरान बड़ा मजेदार किस्सा हुआ। सिद्धार्थ की शर्ट में ऐसे बटन लगे थे जो हल्के से खिंचने पर खुल जाते थे। उसने दीवार से बैकफ्लिप मारी। और जैसे ही नीचे उतरा, उसकी शर्ट खुल गई। बस फिर क्या था, हमने वहीं मजाक शुरू कर दिया। मैंने कहा, ये बटन ऐसे थे ही क्यों? नॉर्मल बटन नहीं लगा सकते थे क्या? फिर उसे छेड़ने लगे कि तुमने पहले से सोच रखा था क्या कि एक बैकफ्लिप मारूंगा, बटन खुलेंगे और बॉडी दिखाऊंगा। काम जितना होता था, मजाक भी उतना ही चलता था।

### अब आप अभिनेता के साथ-साथ प्रोड्यूसर भी हैं। आज के समय में प्रोड्यूसर होना कितना मुश्किल है?

बहुत मुश्किल है। उदाहरण के तौर पर, अमेरिका में एक यूट्यूबर ने फिल्म बनाई। उसने अपनी पूरी कम्युनिटी बनाई। लोगों को फिल्म बनने का पूरा सफर दिखाया। फिर उनसे कहा कि अगर आप ये फिल्म देखना चाहते हैं, तो डिस्ट्रीब्यूटर्स को लिखिए। लाखों लोगों ने ऐसा किया। फिल्म ने बहुत अच्छा कारोबार किया। ये उदाहरण मुझे प्रेरित करता है।

### आज इंडस्ट्री में सबसे बड़ी उलझन क्या लगती है?

बहुत सारी चुनौतियां हैं। प्लेटफॉर्म की अपनी चुनौतियां हैं। अब थिएटर और ओटीटी के बीच बड़ी लड़ाई चल रही है। जब मैं आया था, तब मुझे सिर्फ थिएटर वाली फिल्में करनी थीं। अब बहुत कुछ बदल गया है। पहले एक ही रास्ता था। फिल्म बनाओ और थिएटर में रिलीज करो। अब इतने विकल्प आ गए हैं कि स्पष्टता थोड़ी कम हो गई है। कई बार लगता है कि आप प्रोड्यूसर कम और लाइन प्रोड्यूसर ज्यादा बन जाते हैं। क्योंकि कई बार चीजें इस तरह बनने लगती हैं कि चलो, ये बन रहा है तो बना लेते हैं। जबकि फिल्म इसलिए बननी चाहिए क्योंकि आप उसे बनाना चाहते हैं। मेरे हिसाब से वही असली बात है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन-30 ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर-22, नोएडा उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस न.. - 52 , ग्रीनवुड -2 , सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, 201308 से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।